

नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिज: ममता - 8



मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 8



क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 9



केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 14


आज का मौसम
37.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 225, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## झटका : दोगुनी हुईं एटीएफ की कीमतें, घरेलू एयरलाइंस के लिए 8.5% वृद्धि

- पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच कच्चा तेल 100 डॉलर के पार चले जाने के बाद विमान ईंधन की कीमतों में किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने उनके लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा है। इसके साथ वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम व ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल की दरों में भी वृद्धि की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे।

### एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ऑक्टेन पेट्रोल भी महंगा

- व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर का 195.50 रुपये बढ़ाया गया है मूल्य

व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में मंगलवार को 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की घोषणा की गई थी। अब देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। मूल्यवृद्धि के बाद देश में एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं।

### पहली बार एटीएफ दो लाख के पार

यह पहला मौका है जब एटीएफ की कीमत दो लाख रुपये किलोलीटर के स्तर को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कीमतें बढ़कर करीब 1.1 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंची थीं। एटीएफ कीमतों में एक मार्च को 5.7% /यानी 5,244.75 रुपये किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### पहले ही बढ़ी ईंधन खपत से जूझ रही एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** ईंधन की कीमतों में यह उछाल एयरलाइन कंपनियों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा क्योंकि परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रहती है। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई हवाई मार्ग बंद होने से विमानों को लंबे रास्तों से उड़ान भरनी पड़ रही है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस कारण अब हवाई यात्रा महंगी होने की आशंका है। गौरतलब है कि नॉन शेड्यूल्ड, एडहॉक और चार्टर जैसी उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़ाकर 2,07,341.22 रुपये किलोलीटर की गई है।

## इंडिगो ने 275 से 10,000 रुपये तक ईंधन शुल्क की घोषणा की

- एटीएफ महंगा होते ही घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बढ़ाई दरें

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का हवाई किराया बढ़ना तय है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है। अब घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा। इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### गांदरबल में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में मंगलवार रातभर जारी रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा बलों ने गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना के आधार पर मंगलवार रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक बयान में बताया कि सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के अरहामा में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सतर्क जवानों ने कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जब उन लोगों को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जवानों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद सैन्य बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद बीडीओ निलंबित

**कृष्णानगर।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को निलंबित कर दिया है। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक शिक्षक पर हमले के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने का निर्देश दिया है। यह हमला 27 मार्च को हंसखाली ब्लॉक के देबनाथ बॉयज़ इंस्टीट्यूशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान हुआ। चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक सैकत चट्टोपाध्याय को कार्यक्रम स्थल पर सरकारी प्रचार वीडियो दिखाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद सिर में चोटें आईं।

# दो-तीन सप्ताह में खत्म हो सकता है युद्ध होर्मुज संकट से मेरा लेना-देना नहीं: ट्रंप

## ईरान के राष्ट्रपति की ओर से युद्धविराम का अनुरोध करने का किया दावा, तेहरान ने बताया झूठ

- बोले- होर्मुज संकट से युद्ध में साथ न देने वाले देश अब खुद निपटें

दुबई, एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को संकेत दिया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ युद्ध दो-तीन सप्ताह में खत्म कर देगी। इस दौरान होर्मुज संकट से पल्ला झाड़ते हुए ट्रंप ने कहा कि उसे सुरक्षित रखना अमेरिका की जिम्मेदारी नहीं है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्ध विराम चाहते हैं, लेकिन ईरान ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बुधवार को भी कुछ हद तक विरोधाभासी बयान दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुमान जताया कि युद्ध दो से तीन सप्ताह में खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के खिलाफ युद्ध में सहयोग न करने वाले मित्र देशों पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने की जिम्मेदारी छोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह हमारा काम नहीं है। यह फ्रांस का काम होगा। यह उनका काम होगा, जो इस जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त में की, जब होर्मुज के बंद होने से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई। साथ ही गैस की भी औसत कीमत चार अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन के पार चली गई।

बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने दावा किया कि उनके अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने ट्रंप के इस दावे को झूठा और निराधार करार दिया है।


### होर्मुज खुलवाने के लिए ब्रिटेन ने की पहल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 35 देश लेंगे हिस्सा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस सप्ताह होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। स्टार्मर ने कहा कि 35 देशों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें इस महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग की समुद्री सुरक्षा बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर इस मुद्दे पर एक सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी और सैन्य योजनाकार ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद सुरक्षा के लिए योजनाओं पर भी काम कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि स्थिरता बहाली के लिए सैन्य शक्ति और कूटनीतिक गतिविधियों का एक संयुक्त मोर्चा आवश्यक है।

### चीन-पाकिस्तान ने पांच सूत्री फार्मूला पेश किया

**बीजिंग/इस्लामाबाद।** एक दिवसीय बीजिंग दौरे पर आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता के बाद मंगलवार को पांच सूत्री शांति प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें शत्रुता तुरंत समाप्त करने, जल्द शांति वार्ता शुरू करने, गैर-सैन्य लक्ष्यों की सुरक्षा और नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की सर्वोच्चता बनाए रखने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से 1,187 अंक उछला सेंसेक्स



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई। एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को मजबूती मिली।

## अदालतों में मुकदमों के बोझ के लिए सरकार जिम्मेदार

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर ठोंका 25,000 रुपये का जुर्माना
- हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और बार-बार मुकदमा दायर करने को लेकर उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को अदालतों में बढ़ते मुकदमों के बोझ के लिए एक बड़ा जिम्मेदार कारक बताते हुए कहा कि इस तरह की अनावश्यक अपीलें न्यायपालिका पर बोझ बढ़ाती हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें एक सीआईएसएफ कांस्टेबल को राहत दी गई थी। मामला एक सीआईएसएफ कांस्टेबल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ा था, जिसे अनधिकृत अनुपस्थिति और व्यक्तिगत विवाद के आरोपों में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि कांस्टेबल की अनुपस्थिति स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के दौरान थी और अन्य आरोप कदाचार की श्रेणी में नहीं आते, जिसके बाद उसकी सजा रद्द कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने तंज कसते हुए कहा, एक तरफ हम मुकदमों में देरी पर चिंता जताते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार खुद सबसे बड़ी वादी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट आने के बजाय संयम बरतना चाहिए था।

### बंगाल: मतदाता सूची के दावों का निपटारा 7 तक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और तार्किक विसंगति के कारण हटाए गए नामों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि लगभग 60 लाख दावों और आपत्तियों में से 47 लाख का निपटारा 31 मार्च की शाम तक कर लिया गया है, और शेष 13 लाख मामलों का फैसला सात अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## सीएपीएफ विधेयक विरोध के बीच राज्यसभा में पारित

- विपक्ष ने लगाया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का आरोप बहिर्गमन किया

नई दिल्ली, एजेंसी



राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों की सेवा शर्तों एवं पदोन्नति से जुड़े सीएपीएफ विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्ष ने यह आरोप लगाते हुए बहिर्गमन किया कि यह विधेयक सशस्त्र बलों के मनोबल को गिराएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए लाया गया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि कानून बनने के बाद बलों का बेहतर प्रबंधन होगा और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में काडर का बेहतर प्रबंधन कर इसकी कार्यकुशलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सीएपीएफ के अधिकारी काफी समय से प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रहे थे। सबसे ज्यादा आपत्ति सशस्त्र बलों में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर थी। उनका कहना था कि इससे कैडर अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर खत्म हो जाएंगे।

### अमरावती होगी आंध्र की स्थायी राजधानी

लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा, तेदेपा और कांग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया, लेकिन आंध्र के मुख्य विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### ट्रांसजेंडर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। कानून मंत्रालय के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र की ओर से निर्धारित तिथि से लागू होगा। विपक्षी सांसदों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

## अनिल अंबानी और आरकॉम पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज

- एलआईसी को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** एलआईसी की ओर से उसे 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी के आरोप में नया मामला दर्ज किया है।

यह आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ चौथा मामला है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एलआईसी को 2009 से 2012 के बीच 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में निवेश करने के लिए कंपनी ने भ्रामक जानकारी देकर प्रेरित किया। प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और निवेश के बदले उपलब्ध संपत्तियों की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी।

## पुडुचेरी : वोटरों को कैश बांट रहे आठ गिरफ्तार

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को नकदी बांटने के आरोप में ड्रोन निगरानी के जरिए तीन अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव विभाग ने पहली बार नकदी वितरण पर नजर रखने के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों के अनुसार, मन्नाडीपेट क्षेत्र के तिरुक्कनूर गांव में कुछ लोगों द्वारा घर-घर जाकर नकदी बांटने की गतिविधि ड्रोन से पकड़ी गई। सूचना पर उड़नदस्ता दल मौके पर पहुंचा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा मन्नाडीपेट में दो और लॉस्पेट क्षेत्र में तीन लोगों को पकड़ा गया।

## डिजिटल भुगतान के लिए अब दो सत्यापन

- धोखाधड़ी रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने लागू की व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के तहत ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण को बुधवार से अनिवार्य कर दिया गया है।

अब केवल यूपीआई पिन डालने से भुगतान नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने पर भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। अधिकांश मामलों में एसएमएस से आने वाले ओटीपी का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल तक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

### स्क्रीनशॉट, स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी नहीं

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था से डिजिटल लेनदेन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है, लेकिन इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली में सुरक्षा और भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में रिश्वत लेते हुए दो ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

- स्कूल संचालक से मांगी थी डेढ़ लाख की रिश्वत

**श्रीनगर।** सीबीआई ने श्रीनगर में रिश्वतखोरी के एक मामले में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक क्षेत्रीय आयुक्त भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अधिकारियों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विनय कुमार और वरिष्ठ सुरक्षा सहायक अमीन सोफी शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार, मंगलवार को एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि आयुक्त ने एक स्कूल संचालक से 1.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। मामला स्कूल के एक कर्मचारी की शिकायत का था। एजेंसी ने उसी दिन वरिष्ठ सुरक्षा सहायक को अधिकारी की ओर से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

प्रदूषण मुक्त | मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, साथ ही विपक्ष पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाया, तभी बदलाव की नींव पड़ी और इसी कारण आज उत्तर प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

कालीदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, असुरक्षा और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सत्ताधारियों को अंधेरा पसंद था, हमारी सरकार ने 24 घंटे बिजली, एलईडी स्ट्रीट लाइट और आधुनिक शहरी व्यवस्था देकर हालात बदले। योगी ने जोड़ा कि हम सूर्य के उपासक हैं और लक्ष्मणपुरी में सभ्यता व विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते नौ वर्ष में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है और अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और हरित ऊर्जा आधारित पहलें इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।




लखनऊ में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

### ईवी निर्माण का उभरता केंद्र बन रहा है लखनऊ

शहरी विकास के साथ औद्योगिक निवेश का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि लखनऊ ईवी मैन्युफैक्चरिंग का उभरता केंद्र बन रहा है। अशोक लेलैंड की इलेक्ट्रिक बस यूनिट के बाद अब टाटा मोटर्स की लखनऊ इकाई में भी 15 अप्रैल से इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सात शहरों में मेट्रो सेवा और 18 नगर निकायों में सेफ सिटी व सोलर सिटी जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है, जबकि लखनऊ में भी सोलर पैनल आधारित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं समृद्धि आती है। नए वाहनों से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी और लखनऊ को क्लीन व ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

# सरस्वती के आंगन में रोली-टीके से नौनिहालों का स्वागत

## महापौर, सीडीओ और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शुरू किया स्कूल चलो अभियान | स्कूलों में सरस्वती पूजन के साथ सत्र शुरू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में बुधवार से शुरू हुए नए शिक्षा सत्र में नव प्रवेशित नौनिहालों का सरस्वती के आंगन में रोली टीके और चंदन से स्वागत किया गया। स्कूलों और कॉलेजों में सरस्वती पूजन के साथ नए सत्र के शुभारंभ के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्कूल चलो अभियान का भी श्रीगणेश हो गया। जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों समेत 446 माध्यमिक विद्यालय बुधवार से विद्यार्थियों से गुलजार हो गए।

जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की उपस्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद्र के नेतृत्व में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। डाभासेमर में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

कंपोजित विद्यालय डाभासेमर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने शिक्षकों से विस्तार से बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी उपस्थिति एवं ठहराव पर चर्चा की। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों को प्रेरित किया कि वह अपने विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करें। एसआरजी डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी द्वारा निपुण भारत मिशन की संकल्पना, महत्व और सभी बच्चों की कक्षा के अनुरूप दक्षता हासिल करने के विषय में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मया राजेश सिंह, जनपद के एसआरजी अमित कुमार मिश्रा व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संचालन आदर्श शिक्षक सदभ हुसैन द्वारा किया गया।


जिले में स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को बैग देकर शुभारंभ करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिपं प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित। अमृत विचार

### पुष्प वर्षा कर किया बच्चों का स्वागत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र के प्रथम दिन बुधवार को प्राथमिक विद्यालय शाहनेवाजपुर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अध्यापकों द्वारा रोली-टीके और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गुप्ता ने कॉपी आदि भेंट की। पंजीकृत 76 छात्र-छात्राओं में 64 की उपस्थित रहे ।सहायक अध्यापिका श्वेता त्रिपाठी, मनीष दुबे, योगेश कुमार उपस्थित भी मौजूद रहे। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय मोहतशिमपुर, कंपोजित विद्यालय अंकवारा, नरायनपुर रामपुर सरधा, शान्तिपुर में सत्र के प्रथम दिन विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं का अध्यापकों द्वारा चंदन लगाकर स्वागत किया गया।


पूराबाजार प्राथमिक विद्यालय में बच्चे का रोली लगाकर स्वागत करते मुख्य अतिथि।

### नये बच्चों के दाखिले व मेधावियों के सम्मान के साथ शुरू हुआ सत्र


रामपुर भगन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती पूजन करते बच्चे व शिक्षिकाएं।

**रामपुरभगन, अयोध्या। अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर भगन में नए सत्र के प्रथम दिन विद्यालय प्रांगण में प्रवेश उत्सव एवं स्कूल चलो अभियान मनाया गया। प्रधानाध्यापिका नीलम मिश्रा ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी बीकापुर अमित श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए प्रवेश महाअभियान के तहत नये बच्चों का दाखिला एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वैदिक रीति से मां सरस्वती की पूजा आराधना की गई। 163 बच्चों को अंक पत्र वितरित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 100 में 92 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान बनाने वाले कक्षा आठ के छात्र अनमोल कसौधन एवं 91अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनिल और राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान बनाने वाली अपर्णा कसौधन एवं नौवां स्थान बनाने वाली अनन्या सिंह व आदर्श पटेल को कक्षा अध्यापक पुष्पा वर्मा और नीतू यादव ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी, गुलजार हुए आंगन

**अयोध्या, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों में भी नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल बुधवार से शुरू हो गया। यूपी बोर्ड से संबद्ध 446 से विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित कराई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानाचार्यों को यह सुविधा प्रदान की है कि यदि कोई छात्र-छात्रा पुरानी कक्षा में अनुत्तीर्ण है या अन्यत्र चले गए हैं तो उनके विवरण वेबसाइट/पोर्टल से वह डिलीट कर सकेंगे। इस तरह डाटा पहले से पोर्टल पर उपलब्ध होने से कक्षाध्यापकों को कक्षावार छात्र-छात्राओं के नाम के आगे उपस्थिति/अनुपस्थिति अंकित करने में आसानी होगी। बताया कि बोर्ड ने वर्ष 2026 की परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण के समय उन विद्यालयों को वेटेज अंक दिए हैं, जिनमें ऑनलाइन उपस्थिति अंकित की जा रही थी। इसके अलावा कक्षा नौ में छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी। प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का विवरण उसी दिन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं, ताकि उसी दिन से ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

## बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा में नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ के प्रथम दिवस विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली भी निकाली। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बजरंग बहादुर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा एक और छह में नामांकन के लिए आए बच्चों का प्रवेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रविशंकर यादव, अभिभावक सदस्य रामसुख व अन्य अभिभावक और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ भी हुआ। संचालन विद्यालय के शिक्षक विजय शंकर तिवारी ने किया।

## दुष्टों का संहार करते भगवान


कथा व्यास से आर्शीवाद प्राप्त करते शास्त्री।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** जब-जब कोई अपने पाप और अधर्म से इस संसार-रूप बगीचे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुष्टों का संहार करते हैं। यह बात लोहटी सरैया स्थित ग्राम पांडे का पुरवा में राष्ट्रीय कथा वाचक अमित कृष्ण शास्त्री के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास उज्जवल कृष्ण शास्त्री ने कही। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा अर्थपूर्ण शैली में सुनाते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को समझाया। इससे पूर्व मुख्य यजमान अमर नाथ पाण्डेय ने पूजन किया। इस मौके पर विमलेश शुक्ला, धर्मेंद्र पाण्डेय, रजनीश मिश्रा, नीरज पाण्डेय, शनि मिश्रा, अंशु मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम पद पर चयनित हो बढ़ाया क्षेत्र का मान

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक के रहेरवा के रहने वाले संतोष प्रजापति पुत्र रामबहोर प्रजापति ने एसडीएम पद पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। संतोष ने कहा लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से सफलता मिलती है। बताया कि मौजूदा समय में हुए सहायक सेवा नियोजन अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। सफलता का श्रेय गृहिणी मां गीता देवी को दी। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संतोष प्रजापति एसडीएम पद पर चयनित होकर रहेरवा गांव का नाम रोशन किया है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह, स्टेट बैंक एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित आदि ने संतोष को बधाई दी।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** एसबीडी राष्ट्रीय अकादमी इंटर कॉलेज बाबूपुर में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कबड्डी, नींबू दौड़, रस्सा खींच, साइकिल रेस सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया प्रबंधक भोला प्रसाद यादव ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार कर उनका हौसला बढ़ाया।

### सर्वे के बाद होगा सेतु निर्माण

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर जनक-अमीनी-चकौरा मार्ग पर गोमती नदी के अमीनी घाट दीर्घ सेतु निर्माण कार्य को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। परियोजना की कुल लागत 3332.97 लाख निर्धारित है। प्रथम किस्त के रूप में 1131.89 लाख जारी किए जा चुके हैं। सेतु निगम अयोध्या के अधिकारी रोहित अग्रवाल ने बताया कि शासनादेश जारी हो चुका है। सबसे पहले पुल का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा और लगभग एक माह सर्वे कार्य में लगेगा। सर्वे पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी में मिलीं नौ महिलाएं

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** सीएचसी बीकापुर में अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव के निर्देशन में बुधवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 75 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान नौ महिलाएं हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली। डॉ. स्नेहा चौधरी ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी। महिलाओं की कई प्रकार की जांच कराई गई। फल वितरण भी किया गया। हीमोग्लोबिन की कमी होने के चलते 18 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करके खून की मात्रा बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज का ड्राफ्ट चढ़ाया गया। मौके पर अस्पताल की स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, निधि, सिरातुल बानो, सुभाषिनी त्रिपाठी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### ट्रेड यूनियन नेताओं ने मनाया काला दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को तहसील सदर पर चार श्रम संहिताओं का लेकर ट्रेड यूनियन नेताओं ने काला दिवस मनाया। बांह में काली पट्टी बांध विरोध किया। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए चारों श्रम संहिताओं को तत्काल वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में उत्तर प्रदेश खेत मजदूर संगठन के महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी, सीटू नेता मया राम वर्मा, ऐक्टू नेता अतीक अहमद, संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मया राम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पत्नी बेबस, बच्चे अनाथ रो-रो कर हाल खराब

**पूराबाजार, अमृत विचार :** बैसिंह गांव के सामने भट्ठे के पास मंगलवार को संदिग्ध हालात में मिला राजू यादव का शव बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। पति का शव सामने देखकर पत्नी क्रांति का रो-रोकर बुरा हाल था। रह रहकर वह बेहोश हो जा रही थी। 11 साल का बेटा सौरभ और सात साल की बेटी अनन्या पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बच्चों की परवरिश कैसे होगी? इस बात की चिंता सभी को सता रही थी। पारिवारिक स्थिति बहुत अच्छी न होने के कारण किसी तरह राजू यादव अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## चोरी करने के आरोपी मां-बेटे समेत तीन गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली पुलिस ने हाईवे पर ढाबों आदि पर खड़े वाहनों का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मां-बेटा व एक अन्य शामिल हैं, सभी दिल्ली के रहने वाले हैं।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि तीन दिसंबर 2025 को रुदौली कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर यादव ढाबा पर खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर 40 हजार नकद समेत लाखों के जेवरात चोरी हो गए थे। पीड़ित देवव्रत वर्मा निवासी संगम बिहार कॉलोनी लखनऊ की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। ढाबे पर लगे सीसीटीवी में आरोपी कैद हुए थे। पुलिस इनकी पहचान कर तलाश में जुटी हुई थी। बताया कि बुधवार को रुदौली कोतवाल संजय मौर्या व उनकी टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अभिमन्यु, विजय व उसकी मां मल्लिगा सभी निवासी मकान नंबर 896 शीतला माता मंदिर सी-1 कॉलोनी मदनगिरी थाना अम्बेडकरनगर, नई दिल्ली के हैं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह गाडी का नंबर प्लेट बदलकर लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर रोड़ पर स्थित भीड़-भाड़ वाली दुकान पर चाय नाश्ता के बहाने रुकते थे। वहां खड़ी गाडी की दरवाजा खोलकर या खिड़की का शीशा तोड़कर चोरी करते थे।

## बड़ी देवकाली के कुंड की सफाई का चलाया अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार:** नमामि गंगे के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतिम दिन मंगलवार को जिला गंगा समिति द्वारा बड़ी देवकाली मंदिर के कुंड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय लोगों ने इसमें भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा आलोक द्विवेदी ने इसे सामूहिक जिम्मेदारी बताया। लोगों से अपने आसपास साफ सफाई और जल स्रोत्रों को प्रदूषित होने से बचाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि भीखापुर के प्रधान जगदीश चतुर्वेदी ने इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की। पूर्व पार्षद, जिला गंगा समिति सदस्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सप्ताह में एक दिन स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया। पूर्व मैनेजर बडौदा ग्रामीण बैंक सुशील द्विवेदी ने लोगों से अपील कि नदियों, तालाबों और कुंडों को साफ रखिए यह हमारी धरोहर है। इस अवसर पर एसएन शुक्ला, कुलभूषण साहू, प्रवीण द्विवेदी, नीरज कुमार सहित गंगा स्वच्छता स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से किया गया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जागरुकता रैली को रवाना कर लोगों को व्यक्तिगत साफ-सफाई रखने व वातावरण को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई। यह अभियान 30 अप्रैल तक व दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा।

जिला अधिकारी निखिल टीकाराम ने कहा कि सरकार हर गांव, ब्लॉक व जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश को दिमागी बुखार से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 11 विभागों के आपसी समन्वय से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर (आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) घर-घर जाकर बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस से ग्रसित लोगों के साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों व कुपोषित बच्चों को चिन्हित करेंगी। इसके अलावा वह क्षेत्रवार ऐसे मकानों को सूची बनाएंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी वीबीडी डॉ. पी सी भारती सहित स्वास्थ्य विभाग से डिस्ट्रिक्ट एआरओ प्रवीण त्रिपाठी, डीएचईआईओ, जिला मलेरिया अधिकारी, अर्बन क्षेत्र की आशाएं, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।


कार्यालय में शपथ दिलाते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, सीडीओ केके सिंह, सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## 446 कॉलेजों के 1.25 लाख बच्चे करेंगे एआई कोर्स

- योगी सरकार का नए शिक्षा सत्र में कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को तोहफा
- आज से 7 अप्रैल तक पंजीकरण, 15 अप्रैल से निशुल्क मिलेगी ऑनलाइन कोर्स की सुविधा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नया सत्र जिले के 446 इंटर कॉलेजों में अध्ययनरत कक्षा 11 और 12 के एक लाख 25 हजार विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि लेकर आया है। योगी सरकार ने नवीन शिक्षा सत्र में उनकी तरक्की का एक बड़ा रास्ता खोल दिया है। बड़े निजी शैक्षिक संस्थानों में मोटी फीस लेकर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के कोर्स की राह ताकने वाले विद्यार्थियों को भी बड़ा अवसर दिया जा रहा है। अब माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी शासन ने एआई कोर्स के लिए मंगलवार को आदेश जारी कर दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को मुख्य सचिव की ओर से आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। इस नई व्यवस्था के चलते एआई का कोर्स निशुल्क कराया जायेगा।

सरकार के बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की पहल पर यह मुफ्त ऑनलाइन कोर्स 15 अप्रैल से शुरू होगा, जो 60 दिनों तक चलेगा। मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर अधिक से अधिक छात्रों को इस कोर्स में शामिल करने के लिए कहा है। पंजीकरण की प्रक्रिया 2 से शुरू होकर 7 अप्रैल तक चलेगी। सभी विद्यालयों को इस दौरान अधिकतम संख्या में छात्रों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखपुर की ओर से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन और निःशुल्क होगा। इसमें भाग लेने वाले छात्रों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर दो क्रेडिट प्वॉइंट के साथ प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस पहल को छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एआई जैसी उभरती हुई तकनीक से परिचित होकर छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

### योगी सरकार की पहल से विद्यार्थियों को मिलेगी नई दिशा

शिक्षाविदों का मानना है कि यह कोर्स न केवल तकनीकी ज्ञान बढ़ाएगा, बल्कि छात्रों में समस्या समाधान, डेटा विश्लेषण और नवाचार की क्षमता भी विकसित करेगा। योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश के लाखों इंटरमीडिएट छात्र लाभान्वित होंगे और डिजिटल भारत के निर्माण में योगदान दे सकेंगे। जिला स्तर पर डीआईओएस कार्यालयों और विद्यालयों में पंजीकरण की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। छात्रों से अपील की गई है कि वे 7 अप्रैल तक अपना पंजीकरण अवश्य पूरा करें और इस सुनहरे मौके का लाभ उठाएं।

> शासन की ओर से कल ही आदेश आया है। आज सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को सर्कुलर भेज दिया गया है। अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर विद्यार्थियों को लाभ दिया जाएगा। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

## मिलेट्स प्रसंस्करण केंद्र से श्रीअन्न को मिलेगा बढ़ावा: कुलपति

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने बुधवार को एक और कदम बढ़ाया है। राज्य सरकार की परियोजना अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग एवं विपणन केंद्र का लोकार्पण कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं, लेकिन इनका उपयोग जनसाधारण द्वारा बहुत ही कम मात्रा में किया जाता है। यह केंद्र जनसाधारण को मोटे अनाजों के प्रसंस्करण हेतु सुविधा प्रदान करेगा। समय-समय पर इस केंद्र में दिए जाने वाली जानकारी एवं प्रशिक्षण अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

परियोजना की मुख्य अन्वेषक व अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने बताया कि इस पर केंद्र पर ज्वार, बाजरा, रागी आदि मिलेट्स को किसानों से खरीद कर उसका प्रसंस्करण व पैकिंग कर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना को डॉ. अनीशा वर्मा, डॉ. आकाश गौरव व डॉ. अजीत द्वारा संचालित किया जाएगा।


विज्ञान महाविद्यालय में मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग एवं विपणन केंद्र का लोकार्पण करते कुलपति।

**अव्यवस्था** | अयोध्या धाम की 84 कोसी परिक्रमा कल से, पेयजल, सड़क के साथ दूसरी व्यवस्थाएं ठीक नहीं

## पहले पड़ाव स्थल श्रृंगी ऋषि आश्रम पर व्यवस्थाएं अधूरी

गोसाईगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम की ऐतिहासिक 84 कोसी परिक्रमा तीन अप्रैल से शुरू होगी। पांच अप्रैल को अयोध्या जिले के पहले पड़ाव स्थल श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम पहुंचेगी, लेकिन यहां सरकारी स्तर पर तैयारियां अभी धरातल पर नहीं दिखती। बिजली, पानी, सड़क और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बताया बताया गया है।

हनुमान मंडल के तत्वावधान में निकल रही परिक्रमा पांच अप्रैल की सुबह आश्रम पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन गोसाईगंज महादेवा घाट के लिए प्रस्थान करेगी। धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष गया दास के नेतृत्व में छह अप्रैल को दूसरी परिक्रमा भी यहां पहुंचेगी। दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में संतों और श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

क्षेत्र के दिग्विजय त्रिपाठी, डॉ. डीपी सिंह, समाजसेवी रवि यादव, मायाराम राजभर आदि ने बताया कि आश्रम पर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं है। रात में रोशनी की समस्या भी है। आश्रम से महबूबगंज चौराहे तक करीब दो किलोमीटर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। आश्रम निवासी बाबा रामप्यारे दास, बाबा ओम प्रकाश दास, बाबा लालता दास आदि ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था दुरुस्त न हुई तो संत आंदोलित हो सकते हैं। खंड विकास अधिकारी मया बातार विकास कुमार मिश्रा ने कहा कि संबंधित ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान को इसके लिए निर्देश दिया जा रहा है।


श्रृंगी ऋषि आश्रम के मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


खराब पड़ा हैडपंप व शौचालय।

## एयरपोर्ट पर 31वें वार्षिक दिवस पर काटा केक

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का 31वां वार्षिक मनाया गया। निदेशक धीरेंद्र सिंह ने एएआई के अध्यक्ष का संदेश पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में यात्रियों, कर्मचारियों और स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ केक काटा गया। निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि समर शेड्यूल के तहत अयोध्या से बेंगलुरु, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, हिसार और नवी मुंबई के लिए उड़ान सेवाएं संचालित हो रही हैं, जिनका संचालन एयरलाइंस द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन के बाद से अब तक लगभग 22.50 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की जा चुकी है। यात्रियों की सुविधा के लिए कई सेवाएं शुरू की गई हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और पर्यावरण-अनुकूल उपायों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अयोध्या हवाई अड्डे ने सीएसआई रेटिंग में 34वें से 10वें स्थान तक सुधार किया है।

## संकीर्तन महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र में आयोजित द्वितीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का रात्रिकालीन कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हो गया। सुबह निकली भव्य निशान यात्रा के बाद रात्रि में आयोजित संकीर्तन में श्रद्धालु जमकर झूमे। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। रुदौली विधायक के सुपुत्र आलोक चंद्र यादव ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।


सीएचसी सोहावल में अधीक्षक के नेतृत्व में शपथ लेते डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## डॉक्टरों ने ली संचारी रोग नियंत्रण की शपथ

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** संचारी रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता के लिए चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सीएचसी सोहावल में अधीक्षक डॉ. आकांक्षा वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम करने की शपथ ली। चिकित्सकों ने लोगों को साफ-सफाई रखने, शुद्ध पेयजल का उपयोग करने और आसपास जलभराव न होने देने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। साथ ही मच्छरजनित रोगों से बचाव के लिए नियमित सफाई और दवा छिड़काव पर जोर दिया गया। डॉ. आकांक्षा ने बताया कि इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

## न्यूज ब्रीफ

### प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 13 से

अयोध्या, अमृत विचार : उप्र स्टेट राइफल एसोसिएशन के निर्देशन में जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 13 अप्रैल से आयोजित होगी। जिला राइफल क्लब के कोच व आयोजन सचिव शनि कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में पहली बार शूटिंग प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग चार हजार महिला, पुरुष व युवा निशानेबाज खिलाड़ी भाग लेंगे।

### आज से रामसेवकपुरम में श्रीमद्भागवत कथा

अयोध्या, अमृत विचार। विश्व हिंदू परिषद के रामसेवकपुरम के यात्री निवास में प्रख्यात कथावाचक इन्द्रेश जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार दो अप्रैल से होगा, जो आठ अप्रैल तक चलेगा। आयोजन सत्संग समिति गोरखपुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े अजय पोद्दार एवं कीर्ति रमन दास ने बताया कि दो अप्रैल गुरुवार को दोपहर दो बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद अपराह्न तीन बजे से श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ होगा।

### डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। कहा कि जनता दर्शन शासन की महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से आमजन सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट संजीव कुमार उपाध्याय सहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 107 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का चयन पूरा

अयोध्या, अमृत विचार : जिले के 12 बाल विकास कार्यालयों में रिक्त 936 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरे जाने की कार्रवाई चल रही है। दो बाल विकास परियोजना कार्यालयों बीकापुर के 48 में से 44 और तारुन के 64 में से 63 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर डीएम के अनुमोदन के बाद चयन कार्रवाई पूर्ण हो गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची विकास भवन के दीवार और बाल विकास परियोजना कार्यालय बीकापुर एवं तारुन और सबंधित ब्लॉक/तहसील के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। शेष बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों में रिक्त सहायिकाओं के पदों पर चयन अगले 15 दिनो में पूर्ण करा लेने की कार्रवाई की जा रही है।

### आग से घर जला

बड़ागांव, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के देवराकोट गांव के रहने वाले गोविंद कुमार के छप्पर के आवास में



बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घर में रखा अनाज, नगदी सहित जलकर राख हो गया। प्रधान मनोज सिंह ने बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। हल्का लेखपाल रजनीश सिंह ने बताया मौका मुआयना कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है।

# निजी अस्पताल में लापरवाही की भेंट चढ़े जच्चा-बच्चा, डॉक्टर-कर्मी फरार

**बल्ला हाता के मां परमेश्वरी देवी अस्पताल में फोन पर डिलीवरी कराने का आरोप**

**स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा कोई नहीं मिला, अस्पताल किया सील**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रिकाबगंज के बल्लाहाता स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई है। आरोप है कि अस्पताल की चिकित्सक फोन पर ही स्टाफ से डिलीवरी करा रही थी। घटना के बाद से लोगों में अस्पताल के खिलाफ आक्रोश पनप गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। डॉक्टर व स्टाफ अस्पताल से फरार हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप कर मामले की जांच में जुट गई है।

महताबबाग बेनीगंज निवासी सुरेश यादव ने प्रसव पीड़ा के चलते मंगलवार दोपहर पत्नी सोनी यादव (32) को परेरमश्वरी देवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि भर्ती करते समय अस्पताल की डॉ. अंजली श्रीवास्तव ने सोनी को चेक किया और बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। रात करीब 12 बजे अस्पताल की एक स्टाफ सोनी को लेबर रूम में ले गई। लगभग एक घंटे बाद नवजात को लेकर आई और सुरेश के भाभी की गोद में उसे देते हुए बताया कि इसकी सांसें नहीं चल रही है, इसे किसी बच्चे वाले डॉक्टर को दिखा दीजिए। बच्चों के डॉक्टर ने नवजात को मृत बता दिया। बताते हैं कि वह लोग नवजात को लेकर पुनः मां परमेश्वरी अस्पताल पहुंचे तो बताया गया कि सोनी यादव की भी हालत बहुत गंभीर है। आनन फानन सुरेश पत्नी को एंबुलेंस से लेकर नियावां मछली मंडी स्थित आनंद हॉस्पिटल पहुंचे। वहां डॉ. आशुतोष ने चेक करके बताया कि सोनी भी जीवित नहीं है।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। निजी अस्पताल ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग को निशान पर लेते हुए जमकर भड़ास निकाली। एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मैं टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचा था। वहां कोई भी कर्मचारी नहीं मिला। अस्पताल को सील कर दिया गया है।



सोनी यादव (फाइल फोटो)



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े परिजन और जुटे लोग। अमृत विचार

### महिला अस्पताल से भेजा गया था सोनी को

सुरेश ने बताया कि उनकी शादी 18 अप्रैल 2025 को हुई थी। वह पत्नी को महिला चिकित्सालय ले गया था। आरोप है कि वहां एक युवक व एक महिला ने बताया कि सामने गली में चले जाओ। वहां नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। इसके बाद सुरेश अपनी पत्नी को मां परमेश्वरी देवी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा था।

### पिछले वर्ष भी सील हुआ था मां परमेश्वरी अस्पताल

अनियमितताओं के चलते पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने 16 मई 2025 को भी मां परमेश्वरी देवी हॉस्पिटल को सील किया था। कई खामियां गिनाई गई थीं। मानक पूरा न होने के बावजूद अस्पताल चोरी-छिपे अनसील करा दिया गया था।



अस्पताल को सील करने के बाद एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, संदीप यादव, शशिकांत व मौजूद पुलिस टीम।

### चिकित्सक की डिग्री पर भी उठ रहे सवाल

घटना के बाद से शहर के लोगों में भारी आक्रोश है। हर कोई अस्पताल पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इसके साथ ही डॉ. अंजली श्रीवास्तव की डिग्री पर भी सवाल उठा रहा है। इस संबंध में एसीएमओ डॉ. आशुतोष ने बताया कि हम जांच के बाद ही कुछ बता सकते हैं।

> विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। अभी आख्या नहीं मिली है। पिछले वर्ष भी सील किए जाने की सूचना है, लेकिन किस कारण से किया गया था। अस्पताल इंपैनल है या नहीं। यह सब पत्रावलियां देखने के बाद ही बता सकता हूं। **-डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ**

> तहरीर मिली है। इसकी सूचना सीएमओ को दी गई थी। इसके बाद कार्रवाई करते हुए सीएमओ ने अस्पताल को सील करा दिया है। अब स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। **-अश्विनी पांडेय, नगर कोतवाल**

# निजी बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, एक की मौत, छह घायल

**● थाना महराजगंज अंतर्गत अयोध्या-अंबेडकर नगर मार्ग पर मया बाजार के पास हुई दुर्घटना**

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अयोध्या-अंबेडकर नगर मार्ग पर मया बाजार से आगे एक अनियंत्रित निजी बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में छह यात्री घायल हुए, जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बस अयोध्या से अंबेडकर नगर जा रही थी, इसमें 32 सवारी थी।

घटना मंगलवार रात करीब आठ बजे की है। दुर्घटना में बस पर सवार राजेंद्र पांडे (56) पुत्र गया प्रसाद पांडे निवासी पैकौली थाना अहिरौली अंबेडकरनगर, कामिनी पत्नी उमेश सैनी निवासी पोस्ट ऑफिस गली गोसाईगंज, राम जियावान वर्मा पुत्र रामस्वरूप वर्मा निवासी निधियावा जैतपुर थाना अहिरौली अंबेडकरनगर, विमलेश दुबे पत्नी कृपा शंकर निवासी गोसाईगंज, विमलेश दुबे पुत्र कृपा शंकर निवासी लालबाग थाना कोतवाली नगर अयोध्या व योगेंद्र पुत्र धूप नारायण निवासी उमरी भवानीपुर थाना जहांगीरगंज अंबेडकरनगर घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी मया बाजार पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए राजेंद्र पांडे और राम जियावन को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान राजेंद्र पांडे की मौत हो गई। महाराजगंज थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि परिवारीजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दो अनुपस्थित चिकित्सकों का कटा वेतन

**अयोध्या, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बुधवार को सीएचसी रुदौली का निरीक्षण किया। वहां डॉ. वीरेंद्र कुमार व डॉ. प्रवीण मौर्य अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने दोनों चिकित्सकों के एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश भी जारी कर दिए। सीएमओ ने मातृत्व सुरक्षित दिवस पर पहुंची गर्भवती महिलाओं से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। अधीक्षक डॉ. फातिमा हसन रिजवी को निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवा लिखने और अनावश्यक जांच के लिए भेजने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाई जाए। हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी पर सीएमओ ने स्वीकार किया कि जनपद में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, लेकिन जल्द ही इस कमी को दूर करते हुए सीएचसी रुदौली में हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

### सर्किट हाउस में आज जुटेगा कायस्थ समाज

**अयोध्या, अमृत विचार:** भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर गुरुवार को सर्किट हाउस के सभागार में महाआरती का आयोजन होगा। समारोह में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या कायस्थ समाज के लोगों का जमावड़ा लगेगा। अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के बैनर तले होने वाले इस कार्यक्रम के लिए संगठन ने व्यापक तैयारियां की है। संगठन के प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए पांच साल से प्रत्येक गुरुवार को समाज के किसी न किसी परिवार में भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां समाज में एकरूपता आएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतीक श्रीवास्तव, एड. राजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव आदि लोगों से सतत संपर्क कर रहे हैं।

### विधायक ने परखीं सौ शैय्या अस्पताल की व्यवस्थाएं

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** विधायक चंद्रभानु पासवान ने बुधवार को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनके उपचार और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। विधायक ने अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. रवि पाण्डेय को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी स्थिति में बाहर की दवाएं न लिखी जाएं और सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। सीएमएस ने अवगत कराया कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की नियमित उपलब्धता एक बड़ी समस्या है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉ. एनके वर्मा, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. गणेश, डॉ. प्रवीण बरनवाल, डॉ. अनमोल पाठक, डॉ. अरविंद मौर्य सहित पलिया लोहानी के प्रधान अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

### मौसम का बिगड़ा मिजाज, तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी

**अयोध्या कार्यालय।** रामनगरी में अप्रैल के पहले दिन मौसम ने एक बार फिर करवट ली। रात से ही काले घने बादल छाए रहे व तेज हवा चलती रही। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार भोर में रुक-रुककर बूंदाबांदी हुई। इससे दो दिन से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत महसूस हुई। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद बादल छट गए व तेज धूप निकली लेकिन तेज पश्चिमी हवा में नमी के चलते ज्यादा गर्मी महसूस नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में यह बदलाव देखा जा रहा है। अयोध्या सहित पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। वहीं, तेज हवा व बूंदाबांदी के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है। बेमौसम बारिश और तेज हवा से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। नमी बढ़ने से फसलें प्रभावित हो सकती हैं, जिससे पैदावार पर असर पड़ेगा। हालांकि धूप निकलने के बाद किसानों ने राहत की सास ली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंशिक से हल्के बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना नहीं है।

# ट्रेलर से टकराई निजी डबल डेकर बस, चालक-खलासी गंभीर

**● रुदौली के रौजागांव ओवरब्रिज की घटना, बाल-बाल बचे यात्री**

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के रौजागांव ओवरब्रिज पर बुधवार सुबह लखनऊ से अयोध्या की ओर आ रही यात्रियों से भरी बिहार नंबर की निजी डबल डेकर बस आगे जा रहे ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना में बस के चालक-खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये। बस में सवार किसी यात्री को चोट नहीं आई।

टक्कर इतनी जोरदार थी बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। चालक व खलासी उसमें फंस गए। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रुदौली कोतवाल संजय मौर्य व उनकी टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालवा कर सीएचसी रुदौली भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



रौजागांव ओवरब्रिज पर दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त बस व उसमें फंसा चालक।

कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि दुर्घटना में बस चालक सुरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम सोहागपुर थाना नौझील जिला मथुरा व खलासी बृजेश कुमार पुत्र रामनरेश निवासी नगला भवानी जनपद मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बस में सवार किसी यात्री को चोटें नहीं आई। यात्रियों को अन्य वाहन से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। बताया कि संभावना जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है।

# सप्ताह में चार दिन लेबर अड्डा व भट्टे पर लगाएं शिविर: राजभर

**● बोले, श्रम सेवायोजन मंत्री, कहा-श्रमिकों की बेटियों के विवाह को साल में चार बार कराएं सामूहिक विवाह कार्यक्रम**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** प्रदेश के श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने विभाग को लेबर अड्डा, निर्माण स्थल, मनरेगा, ईंट-भट्टे आदि पर सप्ताह में चार दिन शिविर लगाए जाने और श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए साल भर में तीन से चार बार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कराने का निर्देश दिया। कहा कि व्यक्तिगत तौर पर निर्माण श्रमिकों को पंपलेट के साथ निर्माण श्रमिकों के गांवों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। वह यहां मंगलवार देर शाम सरकिट हाउस में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड से आच्छादित योजनाओं और दूसरे बिंदुओं पर समीक्षा कर रहे थे।

उपश्रमायुक्त अमित कुमार मिश्रा ने मंडल संबंधी जानकारी दी। अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पीके नरायणन ने जानकारी दी कि कक्षा छह और नौ के लिए परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। दोनों कक्षाओं में कुल 221 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। मंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र योजना (लेबर अड्डा) के तहत भूमि का चिन्हीकरण और आवंटन के बाद न्यूनतम दो सौ वर्गमीटर में जी दो भवन का निर्माण कराने और श्रमिकों को मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए कहा। बैठक में सहायक श्रमायुक्त एनके चौधरी, सहायक निदेशक कारखाना अनंत कुमार, सहायक श्रमायुक्त मधुबन राम, सहायक श्रमायुक्त अंबेडकरनगर राजबहादुर यादव, सहायक श्रमायुक्त बाराबंकी अमित कुमार सिंह, सहायक श्रमायुक्त अमेठी छत्रसाल बरनवाल आदि मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में श्रम मंत्री अनिल राजभर को बुके भेंट करते उपश्रमायुक्त अमित कुमार मिश्रा।

### हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** रुदौली कोतवाली के ग्राम मखवापुर निवासी शोभित कुमार राजपूत (15) पुत्र राधेश्याम बुधवार सुबह खेत से खीरा निकालकर उसे बेचने के लिए मंडी जा रहा था। भेलसर ओवरब्रिज से उतरते समय अचानक सामने खड़ी हुई रोडवेज बस से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी रुदौली पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। कोतवाल संजय मौर्या ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आज निजी विमान से अयोध्या पहुंचेंगे उद्योगपति गौतम अडानी

**● राम मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम, ध्वजारोहण कार्यक्रम में हो सकते हैं शामिल**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी गुरुवार को अयोध्या पहुंचेंगे। वह अपने निजी विमान से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरेंगे। गौतम अडानी को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। वह यहां लगभग तीन घंटे तक रहेंगे। राम मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद सुबह 11 बजे के करीब लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करना प्रस्तावित है।



राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर देश-दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियां अयोध्या पहुंची थी। इसमें अंबानी परिवार भी मौजूद था। संभवतः उद्योगपति गौतम अडानी उस दौरान आयोजन में शामिल नहीं हो सके थे। बताया जाता है कि गौतम अडानी चंडीगढ़ से यहां पहुंच रहे हैं। हनुमान जयंती पर गुरुवार को राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। संभावना जताई जा रही है कि अडानी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। हालांकि अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा हमेशा चुस्त दुरुस्त रहती है।

# स्कूल वाहनों की चेकिंग अभियान में एक का चालान

**● पहले दिन जांचे 35 वाहन**

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में बिना फिटनेस चल रहे स्कूल वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बुधवार से अभियान शुरू किया। पहले दिन 35 वाहनों को चेक किया गया, इनमें एक वाहन मानक के अनुरूप न पाए जाने पर उसका चालान किया गया। एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि सभी वाहन स्वामियों और स्कूल प्रबंधन को स्कूल वाहनों की फिटनेस कराने के लिए 31 मार्च तक समय दिया गया था। साथ ही, जिन वाहनों की आयु सीमा पूरी हो गई है, उनके प्रपत्र कार्यालय में जमा कर पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी कराने के निर्देश दिए गए थे। बताया कि बुधवार को ऐसे वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की गई। जो 15 अप्रैल तक चलेगा।



स्कूल बस के कागजातों की जांच करते एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह।

**कवायद** | पहले चरण में मकान सूचीकरण और गणना, पहली बार नागरिकों के लिए स्वगणना की व्यवस्था

# जनगणना में बनेगी लोगों के रहन-सहन की भी डिजिटल कुंडली

**● सात से 21 मई तक स्वंय पोर्टल पर दे सकते अपनी जानकारी**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

**अमृत विचार:** इस बार होने जा रही देश की 16वीं जनगणना अब तक हुई जनगणना से भिन्न होगी। इस बार केवल जनसंख्या की गणना ही नहीं होगी बल्कि आपके रहन-सहन से खान-पान तक की पूरी डिजिटल कुंडली बनाई जाएगी। पहली बार आम लोगों को स्वगणना की सुविधा भी दी जाएगी। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है जिस पर कोई भी नागरिक अपना डाटा स्वयं भी सरकार को उपलब्ध करा सकता है। प्रगणक इसकी पुष्टि करके डाटा आगे बढ़ाएंगे। पूरी प्रक्रिया में अहम् रोल आम लोगों का होगा। प्रगणक से पूछे जाने पर उन्हें सही-सही पूरी जानकारी देनी होगी।

वर्ष 2021 के स्थान पर 2026 में होने जा रही जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों के सूचीकरण के साथ मकानों की गणना होगी। जैसा कि जनगणना निदेशालय से बताया गया यह काम उत्तर प्रदेश में 22 मई से 15 जून तक किया जाएगा। इस बार सरकार ने जनगणना में नई व्यवस्था लागू की है। अफसरों के मुताबिक मकानों के सूचीकरण के पहले 15 दिन का समय स्वगणना के लिए होगा।



जनगणना के इतिहास में पहली बार लागू हो रही नई व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति अपनी पूरी जानकारी स्वयं सरकार से जारी पोर्टल पर जाकर भर सकते हैं। यह व्यवस्था मकानों के सूची करण के साथ मकान गणना के साथ दूसरे चरण में सन 2027 में जनसंख्या की गणना में भी लागू रहेगी। इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। प्रगणक ऑनलाइन ही पूरा डाटा सेव करेंगे और आगे भेजेंगे।

अफसरों के मुताबिक जनगणना में मकानों के सूचीकरण, गिनती की जाएगी। साथ ही घर की स्थिति रहन-सहन, मकान किस सामग्री से बनाया गया है। इसके साथ तमाम अन्य जानकारियां इसमें समाहित की जाएंगी। इसके लिए तय सवाल पूछे जाएंगे।

### ब्लॉक गठन, प्रगणकों की आईडी बनाने का काम शुरू

जिले में जनगणना के लिए औपचारिक कार्रवाई बुधवार से शुरू कर दी गई है। जनगणना तहसील के गांव और निकाय स्तर पर कराएं जाएंगे। इसके लिए सात से नौ से के बीच की आबादी के ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। इन ब्लॉकों में प्रगणकों की तैनाती की जा रही है। डिजिटल जनगणना के लिए प्रगणकों की मेल आईडी बनाने का काम तहसील स्तर पर शुरू कर दिया गया।

> जनगणना के पहले फेज को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मकान सूचीकरण और मकान गणना के लिए ब्लॉक बनाकर प्रगणकों की तैनाती और आईडी बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। 15 से 25 अप्रैल के बीच प्रगणकों और सुपरवाइजरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद तय तिथि पर काम शुरू कराया जाएगा। **-आरपी त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर।**

## न्यूज ब्रीफ



छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

### छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हौसिला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज, शरीफपुर गोविंदपुर में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना रहा। थाना गोसाईगंज की पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए सतर्क रहने की अपील की। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधक अवधेन्द्र कुमार सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। छात्राओं ने जागरूक रहने का संकल्प लिया।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत मंजूर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के दौनो गांव में बीते माह जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा की जमानत याचिका सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने मंजूर कर ली है। आरोपी के वकील संतोष पांडेय ने कहा कि मुकदमा पेशबंदी में दर्ज कराया गया है। तहरीर के मुताबिक रामसागर के पिता सुरेन्द्र तिवारी चार मार्च को खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच रानीपुर दुर्गापुर निवासी सगे भाई धर्मेंद्र मिश्र व लालमणि मिश्र तथा गांव के उमानाथ पहुंचे और गाली गलौज कर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर पिता को घायल कर दिया।

### सराफा डकैती काण्ड में गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के चौक में हुए सराफा डकैती कांड में बुधवार को अभियोजन पक्ष की गवाही दर्ज की गई। अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि पीड़ित भरत सोनी के पुत्र सुमित सेठ की मुख्य गवाही न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में दर्ज की गई। मुख्य बयान पूरा न होने से कोर्ट ने शेष गवाही के लिए 8 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी है। शहर के चौक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। जिसमें रायबरेली जेल में बन्द मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों पर मुकदमा विचाराधीन है।

# गौरीगंज विधायक को राहत, कारवाई स्थगित

## थाना परिसर में भाजपा नेता पर हमले से जुड़ा मामला



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भाजपा नेता दीपक सिंह पर थाना परिसर में हमला करने के मामले गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह को अदालत से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के निर्देश पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बुधवार को कार्यवाही स्थगित करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह पंकज ने मामले में हाईकोर्ट के आदेश की नकल कोर्ट में दाखिल कर बताया कि बीते 17 मार्च को सह आरोपी प्रशांत सिंह की याचिका पर हाईकोर्ट ने केस की कार्यवाही अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दी है।मामले में अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 16 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है।

गौरीगंज थाना परिसर में 10 मई 2023 को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह पर हमला करने का आरोप है। दीपक सिंह ने मामले में सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह सहित 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद विधायक समेत 10 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

### मारपीट के दो दोषियों पर 14 हजार रुपये जुर्माना की सजा

स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट राकेश पांडेय ने दलित उत्पीड़न के मामले में अमेठी जिले के भाले सुल्तान थाने के दिहौली गांव के तालुकदार सिंह व ज्वाला बक्श सिंह को मारपीट, दरवाजा तोडने समेत अन्य आरोप में 14 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक गोरखनाथ शुक्ल के मुताबिक दोषियों पर दलित वीरेंद्र पासी ने 18 फरवरी 2007 की घटना में उसकी बहन गुड्डी व पत्नी कुसुमा को मारपीट कर चोटें पहुंचाने, घर का दरवाजा तोड़ने व जातिसूचक गाली देने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

### बैंक प्रबंधक पर लगा धोखाधड़ी का आरोप

- कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के बूबूपुर मंगौली निवासी रामकरन पांडेय ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी देकर बैंक ऑफ बड़ौदा की रानीगंज शाखा के प्रबंधक पर गंभीर वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। रामकरन ने आरोप लगाया है कि उनके केसीसी खाते एवं बचत खाते से बिना अनुमति धनराशि निकाली गई तथा खाते पर अवैध रूप से रोक लगाई गई। साथ ही प्रबंधक पर ऋण जमा कराने के नाम पर नकद धनराशि हड़पने, अपमानित करने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। सीजेएम नवनीत सिंह ने वादी के अधिवक्ता अजीजुर्रहमान की बहस सुनने के बाद पुलिस को अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

### पूर्व मंत्री पुतला दहन केस में दो का सरेंडर, जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुतला दहन मामले में बुधवार को अहम प्रगति हुई। आरोपी मानवेंद्र सिंह और वेद प्रकाश पाण्डेय ने एमपी–एमएलए विशेष कोर्ट में सरेंडर कर जमानत अर्जी दाखिल की, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए दोनों को रिहा कर दिया। यह मामला एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल समेत सात आरोपियों के खिलाफ विचाराधीन है। पहले यह मुकदमा गौरीगंज ग्राम न्यायालय में चल रहा था, जिसे बाद में एमपी–एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। अभियोजन के अनुसार, वर्ष 2014 में अमेठी में पुतला दहन की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ था और पुलिस ने जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांक :1 / जर्जर भवन / नोटिस / का0 ज्ञाप/2025–26 दिनांक : 1 अप्रैल, 2026

**कार्यालय ज्ञाप**

दिनांक 11.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के पत्रांक–2131/ जर्जर भवन/ध्वस्तीकरण / 2025–26 को श्री अब्दुल नफीस निवासी मो0 मेवातीपुरा, कोतवाली नगर, पुलिस चौकी सिविल लाइन, बहराइच को नोटिस निर्गत की गयी थी। जो तथ्यों को छुपाकर कार्यालय को भ्रमित कर निर्गत करायी गयी थी। वास्तविकता ज्ञात होने पर उक्त नोटिस को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बहराइच ।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- धनऊपुर, वि0ख0-दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2026–27 दिनांक–01.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत धनऊपुर, विकासखंड दोस्तपुर, जनपद–सुलतानपुर में मनरेगा/जी.राम.जी योजनान्तर्गत वर्ष 2026–27 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक– 02.04.2026 से दिनांक– 08.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत धनऊपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक– 08.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | पक्की सड़क से जगदम्बा शुक्ला के घर तक नाली मरम्मत एवं इण्टरलांकिंग कार्य। | 19,36,672 रुपये। | ईट, मोरंग, गिट्टी, सरिया इण्टरलांकिंग ईट व अन्य सामग्री। |
| 2 | श्याम सुन्दर तिवारी के घर से अरविंद के घर होते हुए लालचन्द के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली कार्य। | 18,06,953 रुपये। | ईट, मोरंग, गिट्टी, सरिया इण्टरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री। |
| 3 | लालमणि के घर से पक्की सड़क तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य। | 16,24,117 रुपये। | ईट, मोरंग, गिट्टी, सरिया इण्टरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री। |
| 4 | मिथिलेश के घर से जवाहिर के घर होते हुए भर्दइ के घर तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग कार्य। | 14,46,229 रुपये। | ईट, मोरंग, गिट्टी, सरिया इण्टरलांकिंग ईट व अन्य सामग्री। |

नोट–समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां0पं0- धनऊपुर, वि0ख0- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

# मौत के 15 साल बाद जिंदा हुए शख्स ने किया बैनामा

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर शुरू हुई जांच

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा गांव से एक फर्जी व्यक्ति द्वारा बैनामा किए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जयसिंहपुर कोतवाल ने बैनामा कर्ता व गवाहों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अहमद मुख्तार शेख ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पिता सलीम शेख की मृत्यु 20 मार्च 2010 को असम में हो चुकी थी, जहां उनका अंतिम संस्कार भी किया गया। आरोप है कि इसके बावजूद वर्ष 2025 में दिनेश कुमार सोनी ने साजिश के तहत किसी अन्य व्यक्ति को सलीम शेख बनाकर उपनिबंधक कार्यालय जयसिंहपुर में प्रस्तुत किया और फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन का बैनामा करा लिया। बैनामा 19 फरवरी 2025 को दो अलग-अलग रजिस्ट्रियों में दर्ज कराया गया। शिवशंकर शर्मा और राम शिरोमणि पांडेय को गवाह बनाया गया था। अहमद मुख्तार शेख का कहना है कि जब वह फरवरी 2026 में गांव पहुंचे, तब उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। जांच के दौरान रजिस्ट्री कार्यालय से मिले दस्तावेजों ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। अहमद मुख्तार ने बैनामे की प्रतियां और पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दिनेश कुमार सोनी व गवाह शिवशंकर शर्मा और राम शिरोमणि पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### ग्राम पंचायत रामनगर प्रथम में ग्राम निधि पर लगी रोक

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धनपतगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत रामनगर प्रथम में विकास कार्यो में गड़बड़ी उजागर होने पर डीपीआरओ ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक कराए गए कार्यो की जांच में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर ग्राम निधि खाते से धन निकासी पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। जांच में सामने आया कि कई बार निर्देश के बावजूद पंचायत सचिव द्वारा अभिलेख और जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। पंचायत भवन की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई न तो फर्नीचर मौजूद था और न ही अभिलेख व्यवस्थित। महत्वपूर्ण फाइलें इधर–उधर बिखरी मिलीं। वही ऑनलाइन कैशबुक में मरम्मत कार्यो का कोई उल्लेख नहीं पाया गया, जिससे वित्तीय गड़बड़ी की आशंका और गहरी हो गई। डीपीआरओ ने स्पष्ट किया कि अभिलेख न प्रस्तुत करना और बार-बार निर्देशों की अनदेखी गंभीर लापरवाही के साथ-साथ अनियमितता को छिपाने की ओर इशारा करता है। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 178 के तहत तत्काल प्रभाव से ग्राम निधि पर रोक लगा दी गई है।

# मुठभेड़ में गोकशी के 3 आरोपी गिरफ्तार

- एक के पैर में लगी गोली अस्पताल में चल रहा इलाज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गौकशी के एक मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की रात संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर टीम सक्रिय हुई। बताया गया कि तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से इटकौली जंगल की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक आरोपी के पैर में जा लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान सिरवारा शरीकपुर निवासी अफरोज के रूप में हुई है। उसके साथ पकड़े गए अन्य दो आरोपियों में मो. गुलफाम उर्फ मो. इमरान निवासी सिरवारा और आजाद निवासी फतेहपुर संगत शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया है।अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी गोकशी के मामले में वांछित थे। अफरोज पर 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि गुलफाम पर भी दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

### जिंदा महिला के नाम पर कर दी वसीयत, शिकायत

**संवाददाता, सुलतानपुर :** नगर कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर गांव में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। शिव नन्दन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पैतृक मकान को हड़पने के लिए उनके सगे चाचा एव चाची ने नगर पालिका कर्मियों से मिलीभगत कर कूटरचित वसीयतनामा तैयार कर लिया।शिकायत के अनुसार, मकान संख्या 168 पहले उनके बाबा छेदीराम के नाम था, जो बाद में उनकी पत्नी धनपत्ती देवी के नाम दर्ज हुआ। आरोप है कि चाचा भोलानाथ और चाची गीता देवी ने वर्ष 2008 में ही फर्जी वसीयत बनवा ली, जबकि धनपत्ती देवी उस समय जीवित थीं। हैरानी की बात यह है कि 2 अप्रैल 2013 को दाखिल–खारिज कर मकान गीता देवी के नाम दर्ज कर दिया गया, जबकि धनपत्ती देवी की मृत्यु 2 फरवरी 2014 को हुई। कानूनी रूप से वसीयत व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही प्रभावी होती है, ऐसे में पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में एक गवाह सहित नगर पालिका के लिपिक और अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। कोतवाली नगर में शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज न होने से अब एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। मामला तूल पकड़ने के साथ ही नगर पालिका की पारदर्शिता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा में सूर्य व चंद्र वंश का हुआ वर्णन



कथा व्यास आचार्य रघुनाथदास त्रिपाठी। • अमृत विचार

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोदीपुर गांव में सेवानिवृत्त अधिकारी राम उजागिर पाण्डेय द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास आचार्य रघुनाथदास त्रिपाठी ने सूर्यवंश और चंद्रवंश का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महर्षि मरीचि से कश्यप ऋषि तथा उनसे विवस्वान ( सूर्य ) की उत्पत्ति हुई। विवस्वान और संज्ञा से वैवस्वत मनु उत्पन्न हुए, जिन्हें मानव समाज का प्रथम राजा माना गया। मनु ने समाज में नियम व्यवस्था स्थापित की, जिससे मानव सभ्यता का विकास हुआ। कथा व्यास ने आगे बताया कि मनु के पुत्र इक्ष्वाकु आदि से सूर्यवंश का विस्तार हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम का अवतार हुआ। वहीं चंद्रवंश से यदुवंश की उत्पत्ति हुई, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की।

# स्कूल चलो अभियान, नामांकन पर जोर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट, दूबेपुर में सत्र 2026-27 के "स्कूल चलो अभियान" का शुभारंभ भव्य समारोह के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में पी.एम.श्री विद्यालय दूबेपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा अन्य विद्यालयों के छात्रों ने नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में एमएलसी ने कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है, इसलिए सभी का नामांकन जरूरी है। विधायक विनोद सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा के बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जो सकारात्मक बदलाव का संकेत है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने शत-प्रतिशत नामांकन की अपील की। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें व उपहार वितरित किए गए तथा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।



स्कूल चलो अभियान का किया गया शुभारंभ। • अमृत विचार

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

**बल्दीराय :** प्राथमिक विद्यालय चक्कारी भीट में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक संदीप वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने गांव में भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन व नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। रैली में "सब पढ़ें, सब बढ़ें" के नारे लगाए गए।

### नए सत्र का उल्लास, स्कूलों में बच्चों का स्वागत

**विंदेश्वरीगंज :** तहसील बल्दीराय क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। प्राथमिक विद्यालय सुखबड़ेरी, देहली बाजार, ऐंजर, समरथपुर समेत परिषदीय व निजी विद्यालयों में पहले ही दिन बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही। लंबे अवकाश के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। विद्यालयों में स्वागत का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों ने बच्चों का गर्मजोशी से अभिनंदन कर उन्हें नए सत्र के लिए प्रेरित किया। कक्षाओं की सजावट और साफ–सफाई से सकारात्मक वातावरण बना। सुखबड़ेरी विद्यालय में प्रधानाध्यापक आलोक सिंह ने ब्लैकबोर्ड पर स्वागत संदेश लिखकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। पहले दिन छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का परिचय कराया गया और नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया गया। वहीं अभिभावकों से भी बच्चों को समय से विद्यालय भेजने की अपील की गई।

## कार्यालय नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 1156/न0नि0अयो0/2026 दिनांक : 01/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत 01 कार्यो की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को उक्त कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग–अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Link- httbs://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्कम में ई–निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 02.04.2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 23.04.2026 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 23.04.2026 दोपहर 04.00 बजे |

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम अयोध्या**

## कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक : 137/न0पं0कि0/2025–26 दिनांक 30–03–2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर में हाथ से मैला उठाने वाले कार्मिकों को प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम–2013 (एम0एस0एक्ट 2013) के अन्तर्गत मैनुवल स्कैवेंजर और अस्वच्छ शौचालयों का समस्त 17 वार्डो का वार्डवार सर्वेक्षण /चिन्हीकरण कराया गया। उक्त सर्वेक्षण में मैनुअल स्कैवेंजर और अस्वच्छ शौचालय की संख्या शून्य प्राप्त हुई है। उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर उपस्थित होकर अथवा परमेश्वर दत्त पाण्डेय सफाई नायक नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर के मो0 नम्बर 8052146560 से सम्पर्क कर आपत्ति / शिकायत दर्ज करा सकते है।

**अधिशाषी अधिकारी** — नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर

**अध्यक्ष** — नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान पता मीनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे व मेरे पिता के इसी सही नाम को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान निवासी मीनापुर कानपुर देहात**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABDUL QADIR RIZVI से बदल कर ABDUL QADIR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD ISLAM R/O: AGAIYA CHAURAHA, PARSA AGAIYA, PO- HANDA BASEHRI, BAHRAICH

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232685910 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। नाम– **लायबा खान पुत्री मेराज खान निवासी मोहल्ला महराजगंज नई बस्ती उतरौला रोड जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह पता बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। NIRAJ KUMAR **(नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह निवासी बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे पुत्र संजय कुमार व पुत्र वधू साधना देवी पत्नी संजय कुमार के चालचलन ठीक न होने, बात न मानने, आये दिन परिवार में झगड़ा करने से घर में अशांति का वातावरण बना रहता है। समझाने पर भी दोनों आदतों से बाज नहीं आ रहे। इसीसे परेशान होकर मैने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। इन दोनों की ओर से किये गये किसी भी कार्य के वह खुद के जिम्मेदार होंगे। **राम प्रकाश पुत्र बाबू रामनिवासी वसावनपुर्वा, मौजा व थाना ठठिया जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

यह की मैं शपथी शपथ पूर्वक बयान देती हूँ। की मेरा नाम **प्रतिमा पत्नी संजय कुमार निवासिनी वार्ड नंबर 1 निकट घसियारी मंडी तिकोना पार्क लालगंज लालगंज बाज़ार रायबरेली** की हूँ। मेरा नाम बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने अभिलेखों पर प्रतिमा संजय धानुक दर्ज हो गया है जबकि मेरा असली नाम प्रतिमा पत्नी संजय कुमार है जोकि सही है मुझे प्रतिमा पत्नी संजय कुमार इसी नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाये।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 01.04.2026 को ग्राम पंचायत गौरीडीह खालसा द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना में निविदा खोलने का समय दिनांक 08.04.2026 को समय दोपहर 2:00 बजे है।

**आज्ञा से**
**मनोज यादव**
**सचिव - गौरीडीह खालसा, विकासखंड पल्हनी, आजमगढ़**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SUSHIL KUMAR SAXENA था से बदल कर SUSHIL KUMAR रख लिया है। अब मुझे SUSHIL KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O Late RADHEY SHYAM SAXENA ADDRESS - 3/378 VISHAL KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW 226010 Ph.No-7007972995

**सूचना**

मैं **प्यारे लाल पुत्र स्व0 अंगनू निवासी ग्राम कुण्डरा खुर्द परगना व तहसील व थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मैने दो वर्ष पूर्व पेपर द्वारा प्रकाशित करवाया था कि मेरे पुत्र का चाल चलन व उसका कृत्य सही नही है। और प्रकाशित करवा कर उसे अपने परिवार व अपनी चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था । यहकि उसी समय से अब मेरे पुत्र बब्लू कुमार का मेरे प्रति सही आचरण व परिवार के प्रति सही चालो चलन व उसके कृत्य सही चल रहे है। जिस कारण अब मैं अपने पुत्र बब्लू कुमार को अपने परिवार व अपनी चल अचल सम्पत्ति मे मिला लिया है। जिसका कृत्य व चालो चलन व आचरण अब सही है। जिसे अब पुनः प्रकाशन करवा रहा है ।

**सूचना**

मैं JYOTSHNA DIXIT पत्नी श्री SHASHANK ANAND, निवासी–5/688, सेक्टर–5, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर JYOTSNA DIXIT कर लिया है, अतः आज से मुझे JYOTSNA DIXIT के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं MITHLESH KUMARI PANDEY पत्नी श्री VIDHU KANT - D/O MR- BRAHMA DEV PANDEY, निवासी–5/688, सेक्टर–5, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MITHLESH PANDEY कर लिया है, अतः आज से मुझे MITHLESH PANDEY के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**आवश्यकता है**

बस वैन चालकों, म्यूजिक शिक्षको की। वायोडाटा शैक्षिक अंकपत्रो के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। **प्रधानाचार्या, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, बेलीगारद, सेक्टर–पी अलीगंज, लखनऊ।**

**NOTICE**

I, VAIS KHAN S/O MOHAMMAD ATHAR, R/O - VILL-MUJAHNI, POST-GUMARI, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD. JUBER, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS MOHD. JUBER.

# रोली और चंदन के टीके से हुआ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

● शैक्षिक सत्र के पहले दिन परिषदीय स्कूलों में उत्सव का माहौल



प्रावि महेशपुर में बच्चों को रोली चंदन लगा कर स्वागत करती शिक्षिका कल्पना तिवारी। ● अमृत विचार


पूर्व माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नवीन में रैली निकालते बच्चे।

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ उत्साह से हुआ। स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालयों में रैलियां निकाली गईं, नवप्रवेशी बच्चों का रोली-चंदन का टीका, माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और अभिभावकों को बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया।

नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में शिक्षिका कल्पना तिवारी ने नव प्रवेशी बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया। वजीरगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे ब्रह्मचारी में बुधवार को स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों ने बैनर और हस्तलिखित पोस्टर लेकर गांव में जनजागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवार्चन सिंह, सहायक अध्यापिका श्वेता यादव, नेहा यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उषा दुबे, सीमा मौर्य, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय माझा तरहर, शिक्षा क्षेत्र झंझरी में वार्षिकोत्सव, कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्राओं का विदाई समारोह और नामांकन उत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पथरी बाजार चौकी इंचार्ज धितेंद्र कुमार सिंह रहे। बच्चों ने स्वागत गीत, बेटियों पर आधारित नाटक और जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नियमित रूप से विद्यालय आने वाले बच्चों को टिफिन, पेन, पेंसिल आदि देकर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्राओं को विदाई दी गई। नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर, किताबें, पेंसिल और कॉपियां देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना कश्यप, शिवमूर्ति पांडेय, सहायक अध्यापिका शमा परवीन, दीपा कौर, फहीमताज, शिक्षामित्र पंकज देवी, सुनीता यादव, सरस्वती, सीता सहित अन्य मौजूद रहीं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नवीन, शिक्षा क्षेत्र झंझरी में भी नए सत्र के पहले दिन स्कूल चलो रैली निकाली गई। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मधुरिमा सिन्हा, सहायक अध्यापक जावेद कमर और गुलनाज बेगम मौजूद रहीं।

## सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक हो प्राथमिक विद्यालयों का संचालन : विनय

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी और प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुरूप निर्धारित करते हुए विद्यालय का संचालन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक किया जाए। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा है कि कोरोना काल में शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरने के बाद बच्चों की पढ़ाई की भरपाई के उद्देश्य से 'टाइम एंड मोशन' के तहत परिषदीय विद्यालयों के संचालन समय में वृद्धि की गई थी। जो वर्तमान में भी लागू है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि अब परिस्थितियां सामान्य हो चुकी हैं, ऐसे में विद्यालयों का बढ़ा हुआ संचालन समय समाप्त किया जाना चाहिए। संघ ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का संचालन पूर्व की भांति सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है।

## शिक्षा दुनिया के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक : बीएसए


छात्रा को सम्मानित करते बीएसए अमित कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बुधवार को वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बीएसए अमित सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व और मूल्यों को गढ़ती है। मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के साथ ही उन्होंने सर्वाधिक नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष जोर दिया। बीएसए ने कहा कि शिक्षा दुनिया के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है। यह न केवल ज्ञान और समझ देती है, बल्कि व्यक्तित्व, मूल्यों और सोच को भी आकार देती है। समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक राजेश सिंह ने बच्चों के अधिकाधिक नामांकन के साथ नियमित उपस्थिति बनाए रखने पर बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कौन बनेगा चैंपियन ऑफ द ईयर का पुरस्कार कुंदन सिंह को प्रदान किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा 8 की अंजू, कक्षा 7 के सत्यम सिंह तथा कक्षा 6 की रुनझुन को सम्मानित किया गया। अनुशासन पुरस्कार शगुन तिवारी, खुशबू सिंह और विभु को दिया गया। विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नवप्रवेशी बच्चों का रोली, चंदन और माला पहनाकर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रबंध समिति के सदस्य अरुण तिवारी ने विद्यालय में जल्द वाटर कूलर की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी, शिक्षक महेश कुमार, अखिलेश कुमार एवं अखिलेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## तहसील के चकमार्ग होंगे अतिक्रमण मुक्त


चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाती एसडीएम नेहा मिश्रा व राजस्व टीम।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** एसडीएम नेहा मिश्रा ने एक और सराहनीय पहल करते हुए तहसील क्षेत्र के चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को इस अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत अवैध कब्जों को हटाकर चकमार्गों की पटाई भी कराई गई। अभियान के पहले दिन तहसील के हलधरमऊ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में बड़ी कार्रवाई की गई। एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर राजस्व टीम के साथ चकमार्गों का औचक निरीक्षण किया और अवैध कब्जों को चिन्हित कराया। इसके बाद सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा मिट्टी की पटाई का कार्य भी शुरू कराया गया। कार्यवाही के दौरान राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे, जबकि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल भी तैनात रहा। एसडीएम नेहा मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक चकमार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और तहसील के हर उस गांव तक पहुंचेगा जहां चकमार्गों पर अवैध कब्जे की शिकायतें हैं। उन्होंने बताया कि चकमार्गों के अतिक्रमण मुक्त होने से किसानों को अपने खेतों तक आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

## दोपहर डेढ़ बजे से बिजली गायब, जांच रिपोर्ट ठप

**गोंडा, अमृत विचार :** मेडिकल कालेज के आरडीसी सेंटर में दोपहर अचानक बिजली गुल हो गई। इसमें जांच के लिए पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी सहित सभी जांच ठप हो गई। मरीज इलाज के लिए छटपटाते रहे। लेकिन शाम छह बजे तक न किसी मरीज को रिपोर्ट मिली और न ही उनका इलाज हो सका। मेडिकल कालेज के क्लीनिकल विंग (जिला अस्पताल) में क्षेत्रीय निदान केंद्र स्थापित है। इसमें रेडियोलॉजी के तहत एक्सरे, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, पैथालोजी के तहत सभी जांच एवं क्षय रोग विभाग के सभी लैव एक ही छत के नीचे संचालित हैं। सुबह आठ बजे से मरीजों ने डाक्टर को दिखाया और जांच लिखने पर जांच रिपोर्ट लाने को कहा। दोपहर तक जांच के लिए सैंपल कलेक्शन का कार्य चलता रहा। दोपहर बाद जैसे ही जांच के लिए सैंपल लगाए गए बिजली गायब हो गई। कर्मियों ने सीएमएस व प्राचार्य को फोन किया लेकिन न तो बिजली ठीक की गई न ही जनरेटर चला। सैकड़ों जांच के सैंपल की जांच नहीं हो पाई।

# आरोपी को पकड़ने के प्रयास में ट्रेन से सिपाही के दोनों पैर कटे

## हालत गंभीर होने पर बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर

गोंडा, कार्यालय


जीआरपी सिपाही आकाश सिंह।

**अमृत विचार :** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात एक हादसा हो गया। जीआरपी के सिपाही आकाश सिंह ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वह खुद गंभीर हादसे का शिकार हो गए।

प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर रात करीब 12 बजे दो युवकों में मारपीट हो रही थी। एक युवक ने सुनील कुमार नाम के युवक पर जेब से पैसे चोरी करने का आरोप लगाया। ड्यूटीरत सिपाही आकाश सिंह दोनों युवकों को पूछताछ के लिए जीआरपी थाने के बाहर ले आए। पूछताछ के बाद एक युवक को छोड़ दिया गया, जबकि सुनील कुमार को शक के आधार पर बैठा लिया गया। इसी बीच लखनऊ की ओर जा रही डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस (15903) प्लेटफॉर्म पर पहुंची। मौका पाकर सुनील कुमार अचानक सिपाही को धक्का देकर भागा और चलती ट्रेन में चढ़ गया। सिपाही आकाश सिंह उसे पकड़ने के लिए ट्रेन के पीछे दौड़े और कोच में चढ़ते युवक को पकड़ लिया। इस दौरान आकाश सिंह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गैप में गिर गए, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आरोपी को नहीं छोड़ा और उसे पकड़कर नीचे खींच लिया। शोर सुनकर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल सिपाही आकाश सिंह (29) को तत्काल गोण्डा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण बचाए नहीं जा सके। फिलहाल सिपाही को आईसीयू में भर्ती कर इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मेडिकल कॉलेज के डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि घायल सिपाही को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। सिपाही के दोनों पैर कट गए हैं। हालत गंभीर है। इलाज जारी है।

## 446 वाहनों का चालान 26 किये गये सीज

**गोंडा, अमृत विचार :** एसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। दो दिवसीय इस अभियान में नंबर प्लेट छिपाकर चलने वाले ट्रक और डंपरों की जांच की गयी गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग की गई। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों को रोककर उनकी जांच की। इस दौरान कुल 1811 ट्रक और डंपर वाहनों की जांच की गई, जिसमें 446 वाहनों में नंबर प्लेट संबंधी अनियमितताएं और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। इन सभी के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

पुलिस ने अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से कुल 10,91,600 रुपये का शमन शुल्क भी वसूल किया। वहीं, गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 26 वाहनों को सीज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ श्री अखंड रामायण पाठ


हनुमान जन्मोत्सव पर पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह धार्मिक आयोजनों की धूम रही। रानी बाजार स्थित पुरानी गल्ला मंडी में श्री बालाजी सेवक परिवार द्वारा द्वितीय वर्ष श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, शुरुआत बुधवार सुबह हुई। समापन गुरुवार सुबह होगा। इस मौके पर अमित सोमानी, राधाकृष्ण सोमानी, दिवाकर सोमानी, रोहित सोमानी, प्रवीण सिंघल, श्याम गोयल, श्याम पटवा, रंजीत पटवा, विष्णु मौर्य, आदित्य, अमित अग्रवाल, शिवम नेवटिया, संदीप कसौधन, लक्ष्मी सोमानी, सारिका सोमानी, भावना सोमानी, सीमा सोमानी, सुधा सोमानी, वर्तिका सोमानी, आरती सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर, श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति, दयानंद द्वारा गोनार्द लान में श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कथा मंडली द्वारा बुधवार से पाठ प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रेम गोयल, राजू सिंधी, अभिषेक गोयल, अमित गोयल, रजत गुप्ता, गौरव गोयल, शंभूनाथ मोदनवाल, नारायण गुप्ता, ऋषि गुप्ता, पूनम गोयल, नीनल गोयल, श्वेता गोयल, गुंजन गोयल सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

## सदाचार का पाठ पढ़ाती है वाराह अवतार कथा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज गिर्द गांव के मजहन पुरवा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस बुधवार को कथा व्यास पं. हनुमान शरण तिवारी ने भगवान ब्रह्मा की उत्पत्ति और भगवान विष्णु के वाराह अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि सृष्टि के प्रारंभ में भगवान विष्णु की नाभि से कमल प्रकट हुआ, जिससे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और उन्होंने सृष्टि की रचना की। आगे वाराह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि हिरण्याक्ष नामक असुर ने पृथ्वी को पाताल लोक में ले जाकर छिपा दिया था, जिससे सृष्टि संकट में पड़ गई। तब भगवान विष्णु ने वाराह (सूअर) का रूप धारण कर समुद्र में प्रवेश किया और पृथ्वी को अपने दांतों पर उठाकर पुनः स्थापित किया। भगवान और हिरण्याक्ष के बीच भीषण युद्ध हुआ, अंततः भगवान ने असुर का वध कर धर्म की रक्षा की। कथा के समापन पर मुख्य यजमान बाबूराम तिवारी एवं शिव कुमारी देवी ने व्यास पीठ की आरती उतारी। इसके उपरांत प्रसाद वितरण कर कथा को विश्राम दिया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद तिवारी, सूर्यलाल दूबे, रितिक तिवारी, महंथ जी, हरिओम, पंकज, अमरेश पांडे, सुनील तिवारी, अनिरुद्ध, अखिलेश, विनोद, अभय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो स्क्वायड व महिला पुलिसकर्मियों ने मंदिरों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें सुरक्षित आवागमन के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को चेतावनी देते हुए सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई, जिससे महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गई।

# बेटी के जन्म के बाद महिला का उत्पीड़न, मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां विवाहिता के साथ मारपीट और प्रताड़ना किए जाने पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम गुमदहा निवासी कविता पत्नी दीपक गोस्वामी ने कोतवाली करनैलगंज में तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 5 जून 2025 को हुई थी। शादी के शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन करीब एक सप्ताह बाद ही पति दीपक गोस्वामी, देवर राम व श्याम, सास किरन देवी और ननद काजल द्वारा दहेज में बाइक व 50 हजार रुपये की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि हाल ही में पुत्री के जन्म के बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। उसे जान से मारने की धमकियां दी जाने लगीं। कविता ने बताया कि 29 मार्च 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा और उसके जेवर छीन लिए। किसी तरह जान बचाकर वह अपनी नवजात पुत्री के साथ पुलिस चौकी पहुंची और तहरीर दी।

## 2.5 किलो गांजा के साथ शातिर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दो किलो से अधिक गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्र व कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी उमेश प्रताप सिंह निवासी जगदीशपुर थाना कोतवाली नगर को पुरे ललक बालाजी मंदिर मोड़ से कुछ दूरी पहले गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 2 किलो 573 ग्राम गांजा तथा बिक्री से संबंधित 8,880 रुपये नकद बरामद किए गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

नवाबगंज, गोंडा

**कार्रवाई की मांग**

● परिवार वालों ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत शाहपुर गांव में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव के एक नेता समेत तीन लोगों पर प्रताड़ित करने और धक्का देकर गिराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, शाहपुर निवासी मोहम्मद मुमताज की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के भाई मोहम्मद अयाज उर्फ भोलू ने आरोप लगाया कि गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजिक उस्मानी से उनके परिवार की लंबे समय से चुनावी रंजिश चली आ रही थी। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे मोहम्मद फिरोज और फहीमुलहक उस्मानी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी।

परिजनों का आरोप है कि कहासुनी के दौरान आरोपियों ने मुमताज के साथ अभद्रता करते हुए उसे जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ती चली गई और वह बेहोश हो गया। परिजन उपचार के लिए तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। मृतक के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोग पहले भी उन्हें लगातार प्रताड़ित करते रहे हैं और कई बार झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर चुके हैं। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देवीपाटन मंडल की आयोजन समिति के बैनर तले टिन शेड कचेहरी परिसर में अखिल भारतीय काला दिवस के रूप में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। धरने को संबोधित करते हुए सत्यनारायण त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के संघर्ष के दौरान मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी, लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड कौशलेंद्र पाण्डेय ने कहा कि एक अप्रैल का दिन मजदूरों और कर्मचारियों के लिए काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आम श्रमिकों की समस्याओं की अनदेखी हो रही है। धरना-प्रदर्शन को कामरेड ईश्वर शरण शुक्ल, सुनील सिंह, मोहम्मद खालिद, संतोष कुमार शुक्ला, विनीत तिवारी, दयाशंकर सिंह, अमित शुक्ला समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में श्रमिक हितों की रक्षा और उनकी मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। इस दौरानराम गोविंद मिश्र, रविशंकर विश्वकर्मा, रविन्द्र सिंह, रमेश चौबे, विनोद गौतम, दया देवी, राज किशोर, मनोज, मनीष मिश्रा, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, मुन्ना राम गौतम, अम्बरीष तिवारी, अजय तिवारी, विजय गुप्ता, रसीदे, शुभम, कुलदीप, आशा राम, ओमप्रकाश, गंगा राम, अनिल, संजीव कुमार, स्वामीनाथ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**पहल**

ग्राम्य विकास आयुक्त ने डीएम से मांगा प्रस्ताव

# नानाजी के सम्मान में जयप्रभा ग्राम बनेगा 17वां विकास खंड

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा


जयप्रभा ग्राम का मुख्य द्वार।

**अमृत विचार :** जिले में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से शासन ने ऐतिहासिक 'जयप्रभा ग्राम' को 17वें विकास खंड के रूप में विकसित करने की पहल की है। इस संबंध में ग्राम्य विकास आयुक्त ने डीएम से प्रस्ताव मांगा है। डीएम ने जिला विकास अधिकारी को प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।

जयप्रभा ग्राम का संबंध प्रख्यात समाजसेवी नानाजी देशमुख से है। वर्ष 1977 में वे बलरामपुर से सांसद चुने गए थे और उन्होंने महारानी को चुनाव में पराजित किया था। इसके बाद उन्होंने महराजगंज क्षेत्र में जमीन लेकर 'जयप्रभा ग्राम' की स्थापना की। इस ग्राम का नाम लोकनायक जयप्रकाश नारायण और उनकी पत्नी प्रभावती के नाम पर रखा गया। लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में बसे इस ग्राम की स्थापना 25 नवंबर 1978 को की गई थी। स्थापना के समय देश के तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने यहां बांस बोरिंग परियोजना सहित 500 गांवों के विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। यह पहल ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

जयप्रभा ग्राम को विकास खंड का दर्जा मिलने से न केवल इस ऐतिहासिक स्थल को नई पहचान मिलेगी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। यह पहल नानाजी देशमुख के ग्रामीण विकास के सपनों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

> जिला विकास अधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। शीघ्र ही शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा।
> – प्रियंका निरंजन, डीएम

### विकास का आदर्श मॉडल

जयप्रभा ग्राम को नानाजी देशमुख ने ग्रामीण विकास के एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया। यहां पर विभिन्न सुविधाएं और प्रकल्प स्थापित किए गए। इनमें गोशाला, रससाला, आरोग्य धाम, भक्तिधाम, चिन्मय कुटी, अरविंद कुटी, नाना जी की कुटिया, पोषण वाटिका, मानस झील सहित यहां बहुत कुछ है। कृषि विज्ञान केंद्र और थारू जनजाति केंद्र समेत लगभग 10 प्रमुख प्रकल्प यहां हैं।

### नया विकास खंड बनाने की पहल

जयप्रभा ग्राम गोंडा जिला मुख्यालय से लगभग 27 किमी दूर और बलरामपुर के निकट कुआनो जंगल के पास स्थित एक रमणीय स्थल है। लंबे समय से रुपईडीह और इटियाथोक ब्लॉक के कुछ हिस्सों को मिलाकर नया विकास खंड बनाने की मांग की जा रही थी। वर्तमान में गोंडा में 16 विकासखंड हैं। जयप्रभा ग्राम को नया विकास खंड बनाए जाने के बाद यह 17 वां ब्लॉक होगा।

# जलापूर्ति बाधित होने पर सख्ती, मुख्य निदेशक ने दिया सुधार का निर्देश

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के मुख्य निदेशक डॉ. राज शेखर ने पाइप पेयजल योजनाओं में आ रही बाधाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यालय लखनऊ से जारी निर्देश में आयुक्त देवीपाटन मंडल व संबंधित जिलों के अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट तलब करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

पत्र में कहा गया है कि मंडल के कई जनपदों में निर्माण पूर्ण होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इसकी प्रमुख वजहों में मोटर, उपकरण खराबी, विद्युत आपूर्ति में बाधा, पाइपलाइन लीकेज और अन्य समस्याएं शामिल हैं। मुख्य निदेशक ने निर्देश दिए हैं कि इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर योजनाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए। देवीपाटन मंडल के तहत सामने आए आंकड़ों के अनुसार गोंडा में 3 योजनाएं मोटर, उपकरण खराबी के कारण प्रभावित हैं, जबकि बहराइच में फिलहाल कोई बाधा दर्ज नहीं की गई है। बलरामपुर में स्थिति चिंताजनक है, जहां 7 योजनाएं मोटर खराबी, 3 विद्युत समस्या और 4 पाइपलाइन लीकेज के कारण प्रभावित हैं। वहीं श्रावस्ती में 2 योजनाएं मोटर खराबी, 4 विद्युत समस्या और 1 अन्य कारण से बाधित पाई गई हैं। मुख्य निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बाधित योजनाओं का अद्यतन विवरण दर्ज करें और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिन योजनाओं में समस्या बनी हुई है, उनकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से इलाज कराकर लौट रहे बुजुर्ग की गोंडा-बहराइच हाईवे पर स्थित बनकटी के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई। एक बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में बैठे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कोतवाली देहात क्षेत्र के वेसिया चैन गांव के रहने वाले निबरे (65) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वृद्ध गोंडा मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज में दवा लेने आया था, उसको सांस की बीमारी थी। घटना से घर में कोहराम मच गया है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़

**मनकापुर, अमृत विचार :** रंजिश में एक महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मां बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित बुटहा गांव गई हुई थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही सूरज भारती व उसकी मां विमला देवी ने उससे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान विमला देवी के उकसाने पर सूरज भारती ने उससे अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

# दो दशक बाद लौट रहा बलरामपुर महोत्सव

## कल से पांच अप्रैल तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार, बॉलीवुड नाइट, कवि सम्मेलन होंगे आयोजित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में लगभग दो दशकों के अंतराल के बाद 'बलरामपुर महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन कल से पांच अप्रैल तक बड़ा परेड ग्राउंड में किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य जनपद की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करना और उसे नई पहचान देना है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा, जिसमें स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

महोत्सव का शुभारंभ 3 अप्रैल को होगा। उद्घाटन दिवस पर मालविका हरिओम, हेमंत बृजवासी, कथक आधारित 'रामायण नृत्य नाटिका' और तृप्ति शाक्या की भजन संध्या मुख्य आकर्षण रहेंगी। दूसरे दिन 4 अप्रैल को 'बॉलीवुड नाइट' का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक अल्ताफ राजा अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी दिन 'अखिल भारतीय कवि सम्मेलन' में देश के नामचीन कवि शिरकत करेंगे।

महोत्सव के अंतिम दिन 5 अप्रैल को 'भोजपुरी नाइट' का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कल्पना पटवारी, कुलदीप चौहान और जतिन निगम अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। इसके अलावा पूरे महोत्सव के दौरान बुक फेयर, विज्ञान प्रदर्शनी, आतिशबाजी शो, लकी ड्रा, बच्चों के झूले, फूड स्टॉल, पपेट शो और स्काई लालटेन शो जैसे विविध आकर्षण भी लोगों को लुभाएंगे।


बलरामपुर महोत्सव के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते डीएम और अन्य। ● अमृत विचार

● बुक फेयर, विज्ञान प्रदर्शनी और फूड स्टॉल भी रहेंगे खास

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि यह महोत्सव जनपद की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे सपरिवार इस महोत्सव में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं और जनपद की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में अपना योगदान दें।

# इमरजेंसी गेट से बाइक चोरी

**गोंडा, अमृत विचारः** स्थानीय मेडिकल कॉलेज परिसर में वाहन चोरी की घटना सामने आई है। इमरजेंसी वार्ड के गेट के सामने खड़ी एक युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

खरगूपुर के खनवापुर निवासी राहुल पुत्र बालक राम ने कोतवाली नगर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी नानी का हालचाल लेने के लिए मेडिकल कॉलेज आए थे। उन्होंने अपनी बाइक इमरजेंसी वार्ड गेट के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो मौके से उनकी बाइक गायब थी। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वाभिमान पुरम स्थित बीकेएस कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक पलटू राम, कुंवर सुमेर सिंह (महासचिव), कैलाश नाथ शुक्ला (विधायक तुलसीपुर) और डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह (अध्यक्ष, आदर्श नगर पालिका बलरामपुर) की उपस्थिति रही। विद्यालय के निदेशक डी.एन. सिंह और प्रबंधक श्रीमती मृदुला सिंह ने मुख्य अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका सीमा शुक्ला, राधा पांडे, शुभी पांडे, बबली गुप्ता, नैंसी यादव तथा शिक्षा सहायिका उर्मिला कश्यप, अंजलि तिवारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि आदर्श शिक्षक बच्चों में मानवीय मूल्य, राष्ट्रीय चेतना और सद्भाव जैसे गुण विकसित करते हैं, जो एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इस दौरान मंगल प्रसाद वर्मा, डी.पी. सिंह, गौरव मिश्रा, अभिषेक प्रताप, मुकेश पांडे, दया शुक्ला, सविता सिंह, शुभम सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

## पटेल नगर में टूटी नालियों के ढक्कन बने हादसे का सबब


नगर पालिका की नालियों के टूटे ढक्कन। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पटेल नगर, वार्ड संख्या 24 में नालियों के टूटे और बिखरे ढक्कन स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। जगह-जगह खुले पड़े नालों के कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और ई-रिक्शा संचालकों को रोजाना दुर्घटना का डर सता रहा है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, राजा साहब की कोठी के पास कूड़े का ढेर और गंदगी ईद से अब तक साफ नहीं कराई गई है, जिससे आसपास दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। वहीं अदीबिया स्कूल के मुख्य द्वार और इदरीस राज के घर के सामने नालियों के ढक्कन लंबे समय से टूटे और अस्त-व्यस्त पड़े हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समस्या की जानकारी संबंधित जिम्मेदारों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सभासद रिजवान और नगर पालिका के निर्माण लिपिक मोहसिन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नालियों के ढक्कन ठीक नहीं कराए गए और सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को बाध्य होंगे। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले हालात सुधारे जा सकें।

# पानी की आपूर्ति ठप होने पर भाकियू का धरना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत थाना जहांगीराबाद अंतर्गत गनौरा क्षेत्र में पानी सप्लाई न होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

विक्रांत सैनी ने बताया कि 22 मार्च को गनौरा में बनी पानी की टंकी में लगे सोलर पैनल का केबल चोरी हो गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में पानी सप्लाई बहाल नहीं हुई तो 3 अप्रैल को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव किया जाएगा।

धरना स्थल पर पहुंचे जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने सप्लाई शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान किसानों ने आलू का समर्थन मूल्य 1200 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजा।

धरने में जिला महासचिव अरविंद यादव, नरेंद्र यादव, सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य आगाज

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' के साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय खगईजोत से हुई, जहां से यह अभियान पूरे जनपद में संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पलटू राम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं सीडीओ हिमांशु गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। र छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई तथा उत्कृष्ट नामांकन कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें रजनीश कुमार शर्मा, राम सेवक, राजेश, श्रद्धा सिंह और आरती सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल चलो एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे, यह सभी की जिम्मेदारी है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने परिषदीय विद्यालयों में हुए सुधारों की सराहना की। इस दौरान स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे।



स्कूल चलो रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक, डीएम व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय कमेला में वार्षिकोत्सव के अवसर पर कक्षा 5 उत्तीर्ण 65 विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड एवं टीसी वितरित किए गए। साथ ही नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन सभी बच्चों को पुस्तकें बांटी गईं और कक्षा 1 में नए नामांकित नन्हे-मुन्ने बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एआरपी देवीशंकर पांडेय, सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमेला के प्रधानाध्यापक डॉ. अश्विन शुक्ल, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष साहब लाल, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गायत्री महायज्ञ से हुआ नए सत्र का शुभारंभ

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ गायत्री महायज्ञ से किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक रामकुमार के निर्देशन में आयोजित यज्ञ में अभिभावकों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मां गायत्री और सरस्वती की आराधना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित कीं। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी सहित उपस्थित गुरुजनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अखिल विश्व गायत्री परिवार पचपेड़वा एवं गैसड़ी के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र में संस्कारों और यज्ञों की श्रृंखला निरंतर संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य मानव जीवन को संस्कारित बनाना, समाज में सद्भाव स्थापित करना और राष्ट्र को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना है। इसी क्रम में जनपद में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अखंड रामायण पाठ, नामकरण, अन्नप्राशन, विवाह संस्कार और यज्ञ प्रमुख हैं। आगामी 12 अप्रैल को मधवानगर में योग प्रशिक्षण, नशा मुक्ति रैली और विराट गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन प्रस्तावित है।

कार्यक्रमों के संचालन में गायत्री परिवार के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।


सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार महायज्ञ करते गायत्री परिवार के लोग।

# 10 वर्ष पहले मिला आवास अधूरा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** सीडीपीओ के निर्देश पर ब्लॉक की ग्राम पंचायत पुरैनिया के कश्मिरवा गांव का पंचायत सचिव नेहा कुशवाहा ने भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान यहां पर उन्होंने दस वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थी रानी के आवास के निर्माण के बारे में जानकारी हासिल की। आवास अधूरा पाए जाने पर लाभार्थी को उन्होंने शीघ्र ही आवास का निर्माण पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। रोजगार सेवक अमरेश कुमार पांडेय भी उपस्थित रहे।

## जमीन सौदे में 15 लाख हड़प कर किया दूसरे को बैनामा

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** जमीन खरीद के नाम पर लाखों रुपये हड़पने और इकरारनामे की जमीन को गुपचुप तरीके से दूसरे के नाम बैनामा करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम बंजरिया के मजरा परसोहनी निवासी शिवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 21 अक्टूबर 2021 मनकापुर स्थित जमीन गाटा संख्या 335/0 .2670 हेक्टेयर भूमि का इकरारनामा वसीम खान निवासी शेखपुरवा के माध्यम से सांवल प्रसाद, राम सुरेमन व जैनब खातून उर्फ जैनब के साथ 18 लाख रुपये में तय हुआ था। इस दौरान प्रार्थी ने तीन किश्तों में 5-5 लाख रुपये, कुल 15 लाख रुपये आरोपियों के खातों में जमा कर दिए, जबकि शेष 3 लाख रुपये 18 माह के भीतर देकर बैनामा कराने की शर्त तय थी। आरोप है कि इकरारनामे के बाद भी विपक्षी लगातार बहाने बनाकर बैनामा टालते रहे और बाद में साजिश के तहत बिना इकरारनामा निरस्त कराए उक्त जमीन को किसी अन्य व्यक्ति के नाम बेच दिया। पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वसीम खान, सांवल प्रसाद, राम सुरेमन व जैनब खातून के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया चारो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

# गैस बुकिंग स्थानांतरण से बढ़ीं लोगों की मुश्किलें

● लोड संकट से वितरण ठप, दिन भर भटके उपभोक्ता, सकरौरा एजेंसी पर राहत

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर की मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर अनियमितता व लोड न मिलने से रसोई गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है। करीब तीन हजार उपभोक्ताओं की बुकिंग अन्य गैस वितरकों के यहां स्थानांतरित किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। मंगलवार को उपभोक्ता दिनभर गैस एजेंसियों का चक्कर काटते रहे।

हालांकि सकरौरा इंडेन एजेंसी पर जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग थी, उन्हें सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। यहां चार काउंटर खोलकर वितरण किया गया। एजेंसी संचालक पवन ओझा ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि मनोकामना गैस एजेंसी पर पहुंचने पर उन्हें अन्य एजेंसियों में भेज दिया गया। इसके बाद वे संबंधित वितरकों के यहां पहुंचे, जहां घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं मिल सकी। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें मैजापुर स्थित इंडेन वितरक के यहां भेजा गया, लेकिन वहां भी गैस नहीं मिली। एजेंसी प्रबंधक पंकज चंद्र ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में केवल दो बार गैस का लोड मिला है। एक ट्रक में करीब 360 सिलेंडर आते हैं, जो मांग के सापेक्ष काफी कम हैं। इसी कारण वितरण कार्य अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है। स्थिति को देखते हुए करीब ढाई हजार 14-15 मार्च बुकिंग को सकरौरा इण्डेन, 16-17 मार्च बुकिंग मैजापुर व 18-19 मार्च बुकिंग को सेलहरी मंडप स्थित इंडेन केंद्रों पर स्थानांतरित किया गया है, लेकिन आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। शादी-विवाह के सीजन में गैस संकट गहराने से लोगों में नाराजगी है।


गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

# शराब की दुकान के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा हैदरगढ़ में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के सामने घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की मॉडल शॉप के विरोध में स्थानीय लोगों और महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि यह क्षेत्र पूर्णतः रिहायशी है, जहां परिवार, महिलाएं और छोटे बच्चे रहते हैं। प्रस्तावित दुकान के सामने विद्यालय स्थित है तथा करीब 200 मीटर दूरी पर मंदिर भी है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई कि शराब की दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, शोर-शराबा, झगड़े और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है, जिससे कानून व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस दौरान शशि सोनी, दुर्गेश सिंह, दिलीप, सरोज, सुनीता, शैल सिंह, रंजना सोनी, बिनी सोनी, राजकुमार सोनी, संजीत गोयल सहित करीब 30 लोग मौजूद रहे।

## घमंड बनता है पतन का कारण

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** नेवला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन बुधवार को कथाव्यास महेन्द्र मृदुल ने परमार्थ और विनम्रता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति द्वारा किए गए परमार्थ के कार्य युगों-युगों तक याद किए जाते हैं। समुद्र पर सेतु निर्माण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने गिलहरी के छोटे से योगदान को भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्ति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आज भी गिलहरी की पीठ पर भगवान श्रीराम की उंगलियों के निशान अंकित हैं। कथाव्यास ने घमंड को पतन का कारण बताते हुए कहा कि रावण के अभिमान ने उसकी स्वर्ण लंका को विनाश की ओर पहुंचा दिया। साथ ही उन्होंने भगवान राम के 14 वर्ष वनवास के बाद माता जानकी के साथ अयोध्या लौटने, भरत-राम मिलाप और राज्याभिषेक के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा श्रवण करने वालों में राघवेंद्र वर्मा, आशुवेंद्र, मास्टर ओमप्रकाश वर्मा, रमेश प्रसाद (कौशांबी), प्रवीण कुमार, अमर सिंह, आशीष कुमार वर्मा, उत्तम वर्मा और वीरपाल सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एकाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति का दिया संदेश

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ वंदना सभा और हवन-पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का मूल मंत्र ज्ञानेन्द्रियों का केंद्रीकरण है। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी समस्त चेतनाओं को एकाग्र कर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो जीवन के श्रेष्ठ और उत्कृष्ट लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। वंदना सभा को उन्होंने मन और मस्तिष्क के विकारों को दूर कर एकाग्रता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हवन के दौरान मां गायत्री और महामृत्युंजय मंत्रों के उच्चारण से विवेक को सन्मार्ग पर चलाने और जीवन के उद्देश्य को पूर्ण करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणापाणि की वंदना से हुई, जिसके बाद आचार्यों और छात्र-छात्राओं ने हवन-पूजन में भाग लिया। इस दौरान आचार्य वीरेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**जीव जगत** सड़क किनारे भोजन देने से दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं बंदर, भोजन की आस में सड़क पर ही बैठे रहते हैं

# भूख की तड़प ले लेती है बेजुबानों की जान, हो चुकीं कई घटनाएं

नेचर क्लब, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में टिकरी जंगल के बीच मनकापुर-नवाबगंज रोड और कुंआनो जंगल में बहुत सारे बंदर बैठे मिल जाते हैं। इन रास्तों से गुजरने वाले लोग अक्सर इन्हें खाने वाली चीजें दिया करते हैं जिससे बंदर जंगलों से निकलकर सड़क पर गुजरते लोगों से कुछ खाद्य पदार्थ पाने की आस में पूरे दिन सड़क पर ही दिखाई देते हैं। लेकिन सड़कों पर उनकी मौजूदगी से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं।

अब तक बंदरों के भूख की तड़प व लालच से कई बंदरों की मौत हो चुकी है। यह वाकया एक दिन का नहीं बल्कि आए दिन देखने व सुनने को मिलती है। यह बेजुबानों की मदद नहीं उन्हें मौत के मुंह में ढकेलना है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 11 में वन्यजीवों को कुछ भी खिलाना अपराध बताया गया है क्योंकि एक तो वन्यजीवों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके प्राकृतिक भोजन को ही खाना चाहिए और दूसरा ये कि उन्हें नियमित भोजन देने से वे भोजन ढूंढने की क्षमता खो देते हैं। प्रकृति में अपना कार्य नहीं कर पाते और आसानी से भोजन मिलने से उनका शारीरिक श्रम कम होता है जो बीमारियों को भी न्यौता देता है। नेचर क्लब के एक दल के साथ टिकरी जंगल से गुजर रहा था तो एक ऐसा ही बंदर किसी वाहन की जोरदार टक्कर से मृत सड़क पर मिला। ऐसी तमाम दुर्घटनाओं की खबर अक्सर लोग हमें देते रहते हैं और पूर्व भी हमने ऐसे कई घायल बंदरों का उपचार भी किया है। इन जंगलों में यदि लोग बंदरों को खाद्य पदार्थ न दें तो बंदर सड़क पर न आएं और दुर्घटनाओं में उनकी मृत्यु भी न हो और उनके भरण पोषण के लिए जंगल के भीतर उनके लिए पर्याप्त मात्रा में कई फल, पत्तियां आदि भी उपलब्ध रहती हैं। इसलिए लोगों को सड़क किनारे इन प्राणियों को भोजन देने से बचना चाहिए और यदि इन प्राणियों की मदद करना चाहें तो जंगल के आसपास व अन्य स्थानों पर फलदार पेड़ लगाने चाहिए ताकि वे प्राकृतिक ढंग से अपना भोजन प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही लोगों को वन क्षेत्रों से गुजरते समय अपने वाहन की रफ्तार भी नियंत्रित रखना चाहिए। नेचर क्लब गोण्डा की तरफ से टिकरी और कुंआनो जंगल में सड़क के किनारे जागरूकता वाले बोर्ड लगाने की मांग भी वन प्रभाग गोण्डा से किया है ताकि जागरूकता बोर्ड के माध्यम से वाहन की रफ्तार धीमा रखने और बंदरों को खाद्य पदार्थ न देने की अपील लोगों से किया जाए। जंगल में रहने वाले प्राणियों को कुछ भी खिलाने से बचना चाहिए। यदि हम पशुओं को कुछ खिलाना चाहते हैं तो हमें अपनी गलियों में रहने वाले गौवंश, कुत्तों को जिम्मेदारी के साथ भोजन, पानी आदि देना चाहिए क्योंकि हमारे शहरों में उनके पास प्राकृतिक ढंग से भोजन, पानी प्राप्त करने की परिस्थितियां नहीं होती हैं परंतु वन्यजीवों को भोजन देने के लिए बहुत सारे नुकसानदायक परिणाम हमको और स्वयं उन प्राणियों को भी झेलने पड़ते हैं।


मनकापुर- नवाबगंज मार्ग पर टिकरी जंगल के बीच सड़क पर बैठे बंदर।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालक से वसूली के चलते चौकी इंचार्ज पर मुकदमा दर्ज

**बहराइच :** देहात कोतवाली इलाके में स्थित टिकोरा मोड पर एक ट्रक चालक से अवैध वसूली का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौकी इंचार्ज ने अज्ञात पुलिस कर्मी के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज कराया है। ये मुकदमा एस पी की और से वीडियो का संज्ञान लेने के बाद दर्ज किया गया है। देहात कोतवाली के टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी पुलिस चौकी के पास ट्रक चालक से वर्दीधारी धन वसूली कर रहा था। किसी ने इसका वीडियो बना लिया इसका वीडियो बुधवार को सामने आया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर स्थानीय चौकी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रुपए लेने वाले वर्दी धारी की पहचान की जा रही है। एसपी ने वसूली करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### शिवपुर में औचक निरीक्षक से मची अफरा-तफरी

**खैरीघाट (बहराइच) :** बहराइच जिले में शिवपुर विकास खंड के क्षेत्र रामपुर धोबिया हार में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के औचक निरीक्षण से फैली अफरा तफरी दुकानें बंद करके भागे लोग, 2 प्राइवेट नर्सिंग होम सील तथा ताला बंद करके भागे 2 पर नोटिस चस्पा। नोडल अधिकारी नैदानिक स्थापना अधिनियम 2010 के अंतर्गत रामपुर धोबियाहार क्षेत्र का अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनुराग वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें क्षेत्र में मिल रही शिकायतों के परिपेक्ष में काव्या डायग्नोस्टिक सेंटर, रामपुर धोबियाहार को सील किया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार के आदेशानुसार लगातार छापेमारी की जा रही है तथा अवैध अस्पतालों, पैथोलॉजी तथा झोलाछापों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है तथा ये कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

### आज से सजेगा श्रीबालाजी महाराज का पावन दरबार

**कैसरगंज (बहराइच) :** कैसरगंज रामलीला मैदान में श्री बालाजी महाराज के तीन दिवसीय पावन दरबार के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार की सुबह विधिवत पूजन के साथ होगा, जिसके बाद तीन दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कन्या पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जो देर रात तक चलता रहेगा। इसी दिन रात्रि 8 बजे से भव्य जागरण एवं आकर्षक झांकियों का भी आयोजन किया जाएगा।

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसिया (श्रावस्ती) :** सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी सोमवार को घर के बाहर खेल रही थी। उसे थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्हरिया बिशुनापुर लोहटी निवासी निवासी रामकुमार पुत्र रामलाल बहला फुसला कर अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने दुष्कर्म की नियत से उसके साथ छेड़छाड़ किया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी को मंगलवार रात थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना पर रानियापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

# भ्रष्टाचार को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**आक्रोश:** भाकियू (अराजनीतिक) ने तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र, लेखपाल पर लगाया वसूली का आरोप

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने लेखपालों की मनमानी, भ्रष्टाचार और उपेक्षा का आरोप लगाते हुए तहसीलदार अम्बिका चौधरी को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निस्तारण जल्द नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे संगठन के तहसील अध्यक्ष आनंद किशोर के नेतृत्व में दर्जनों किसान तहसील पहुंचे। सौंपे गए ज्ञापन में सबसे गंभीर आरोप ग्राम पंचायत फत्तेपुरवा के लेखपाल पर लगाया गया है। किसानों का कहना है कि लेखपाल ने किसानों से 50 हजार रुपये की अवैध वसूली की और विरोध करने पर प्रधान के साथ अभद्रता व गाली-गलौज की।



प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

किसानों ने संबंधित लेखपाल को हटाकर तत्काल विभागीय कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा भाकियू ने नगर पंचायत पयागपुर के विकास कार्यों पर भी सवालिया निशान लगाए। ज्ञापन में मांग की गई कि चुनाव के बाद से शौचालय के लिए आई धनराशि और लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक की जाए। साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर, विशेश्वरगंज और हुजूरपुर में तैनात डॉक्टरों व कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक करने की मांग की गई है। प्रदर्शन के दौरान प्रमोद तिवारी जिलाध्यक्ष (भाकियू-अ) का कहना है कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेखपाल से लेकर ब्लॉक और नगर पंचायत तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रशासन को अपनी मांगे बता दि गयी है जब तक इस पर कार्यवाही नही होती है धरना जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में संतोष कुमार जायसवाल, गुड्डू मिश्रा तहसील अध्यक्ष, राम सवारी पांडे राधेश्याम तिवारी समेत तमाम किसान शामिल हुए।

वहीं अम्बिका चौधरी, तहसीलदार पयागपुर का कहना है कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात हुई है। जल्द से जल्द किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करा दिया जाएगा।

### मौलाना सलीम पर रासुका लगाने की मांग विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी को दिया पत्र

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर आपत्तिजनक अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना सलीम को उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर उसे जिले में दर्ज मुकदमें के चलते बहराइच पुलिस को सौंपा था। जिसके बाद मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया, वहीं हिंदू संगठनों में मौलाना पर रासुका लगाने की मांग की है। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह व जिला अध्यक्ष तरुण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर सलीम के विरोध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने कहा कि उनके खिलाफ अलग-अलग जनपदों में 80 से अधिक मुकदमे दर्ज है। उनकी शीघ्र रिहाई से कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इस कारण से उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। इस दौरान अंशुमान यज्ञसेनी, राजकुमार सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



डीएम को पत्र देने जाते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

# बीमारी से तंग युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बलहा, (बहराइच)

**अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत शिवपुर रोड स्थित ट्यूबवेल नंबर 5 नानपारा देहाती में एक नाबालिग लड़के ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार सुबह हुई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक की पहचान 17 वर्षीय हसनैन रज़ा पुत्र रुस्तम के रूप में हुई है। वह काफी समय से दिमागी बीमारी से पीड़ित था और परिवार उसका इलाज करवा रहा था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे हसनैन ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रोशनदान में दुपट्टे का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना के समय घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था, केवल महिलाएं ही उपस्थित थीं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि हसनैन कई वर्षों की मन्नत के बाद पैदा हुआ था और वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। इस दुखद घटना से माता-पिता और बाबा का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। चौकी इंचार्ज कस्बा कामेश्वर राय ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया गया है।

कोहराम

- दिमागी बीमारी का इलाज करवा रहे थे परिजन

### विवाद के चलते महिला ने खाया विषाक्त, गंभीर

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** बलरामपुर जिले के मथुरा बाजार निवासी सूबा (30) का बुधवार को परिवार में विवाद हो गया। इससे नाराज सूबा ने घर में रखा कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने निजी वाहन से उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। यहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पयागपुर तहसील में बनेगा 93 लाख का हाईटेक अधिवक्ता चैंबर

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र पयागपुर लगातार विकास की नई इबारत लिख रहा है। क्षेत्र के अधिवक्ताओं की वर्षों पुरानी मांग को अमलीजामा पहनाते हुए प्रदेश सरकार ने तहसील परिसर में एक भव्य और आधुनिक अधिवक्ता चैंबर (हॉल) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक के प्रस्ताव पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 93 लाख रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की है।

अब तक तहसील परिसर में अधिवक्ताओं को बैठने और अपने कानूनी कार्यों को निपटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर भीषण गर्मी और बरसात के मौसम में वादकारियों और वकीलों को खुले आसमान या टीन शेड के नीचे बैठना पड़ता था। विधायक के विशेष प्रयास से बनने वाला यह नया हॉल पूरी तरह वातानुकूलित होगा। इस घोषणा के बाद बार एसोसिएशन पयागपुर के पदाधिकारियों और सदस्यों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शासन से बजट की स्वीकृति की खबर मिलते ही अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने दी हरी झंडी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

वहीं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों अधिवक्ता मनीष मिश्र, संतोष मिश्रा और हरेन्द्र सिंह, भानु मिश्र ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की है बार एशोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा कि यह पयागपुर के अधिवक्ताओं के सम्मान की जीत है। विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों और मुख्यमंत्री जी की संवेदनशीलता के कारण अब हमें एक आधुनिक कार्यस्थल मिलेगा।

# प्रतिकर निर्धारण के लिए किया गया निरीक्षण

- बाराबंकी-बहराइच सेक्शन के फोरलेन के लिए होगा चौड़ीकरण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 के फोरलेन (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) चौडीकरण हेतु तहसील कैसरगंज के 05 ग्राम तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, मुस्ताफाबाद, रिठौडा के धारा-3डी के प्रकाशन की कार्यवाही हो चुकी है। अर्जन प्रभावित काश्तकारों से दावें प्राप्त किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 05 ग्रामों की अधिग्रहीत की जा रही भूमि का बाजारू मूल्य निर्धारित किये जाने हेतु ग्राम की योजना प्रभावित भूमि का भौतिक सत्यापन उपजिलाधिकारी कैसरगंज, तहसील कैसरगंज की राजस्व टीम, एनएचआई की टीम व भूमि अध्याप्ति कर्मियों द्वारा किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया है कि प्रभावित भू-खण्डों के अर्जन प्रभावित क्षेत्रफल में कोई परिसम्पत्ति है अथवा नहीं है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों के स्थलीय सत्यापन के उपरान्त अधिनिर्णय आदेश पारित होगा तथा कृषकों प्रभावित भूमि के प्रतिकर की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने यह भी बताया कि मौके पर अर्जन निकाय के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों में स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ विभाग से कराये जाने हेतु अपने स्तर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें।



भूमि का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

### एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा घाघरा का पीपा पुल

**जरवल रोड (बहराइच)।** बहराइच-बाराबंकी के बॉर्डर पर स्थित संजय सेतु पीपा पुल के निर्माण कार्य को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। संजय सेतु काफी दिनों से जर्जर अवस्था में है जिसे मुख्यमंत्री के आदेश पर आवागमन यात्रियों की सुविधा को संज्ञान में लेते हुए पीपा पुल बनाने का योजना बनाई थी पुल के पूर्वी और पश्चिमी दोनों छोर पर एप्रोच तैयार कर लिया गया है, जिससे वाहनों का आवागमन सुचारू और सुरक्षित तरीके से हो सके। जानकारी के अनुसार, एप्रोच मार्ग पर पहले मिट्टी की पटाई का कार्य पूरा किया गया है, जिसके बाद अब खड़ंजा लगाने का काम तेजी से जारी है। निर्माण कार्य में जुटी टीम द्वारा दिन-रात मेहनत कर कार्य को समय से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल के तैयार हो जाने से आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी। संबंधित विभाग के अनुसार, यदि मौसम अनुकूल रहा तो आगामी एक सप्ताह मे पीपा पुल पूरी तरह से तैयार कर वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

### आदर्श ने गेट में ऑल इंडिया रैंक 848 हासिल की

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज निवासी आदर्श रस्तोगी ने अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता परीक्षा गेट 2026 में शानदार सफलता हासिल करते हुए अखिल भारतीय रैंक एआईआर 848 प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी द्वारा आयोजित की गई थी। आदर्श ने मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान मनोविज्ञान विषय में 100 में से 40.67 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। उन्हें 379 गेट स्कोर मिला, जो सामान्य वर्ग के अर्हता अंक 39.3 से अधिक है। इस विषय में कुल 6178 अभ्यर्थियों में आदर्श ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता का श्रेय उनकी माता मीना रस्तोगी एवं नाना ओरीलाल सोनी को जाता है, जिनके मार्गदर्शन से उन्होंने यह मुकाम पाया। विजय सोनी, राकेश सोनी, आशीष सोनी, तीरथ प्रसाद सोनी, क्षितिज सोनी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।



आदर्श रस्तोगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** एक सप्ताह पूर्व जरैलापुरवा मायके आई महिला की मंगलवार संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची भिनगा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया हैं। भिनगा क्षेत्र के जरैलापुरवा निवासी गुरुसहाय यादव ने बताया कि उसकी पुत्री मीना (30) का विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व इसी क्षेत्र के ग्राम शिवालापुरवा निवासी राजेंद्र के साथ हुई थी। राजेंद्र राजकोट में रहकर मजदूरी करता है। करीब एक सप्ताह पूर्व मीना मायके आई थीं। मंगलवार को वह भैंस चराने के लिए चला गया। घर पर मीना अकेली थीं। उसने बताया कि शाम को किसी काम से उसका छोटा भाई राम अचल घर आया तो देखा की मीना कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटकी हुई हैं। इस पर राम अचल ने परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम मसूदपुर में मंगलवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में बिजली का तार जोड़ते समय अचानक सप्लाई आने से युवक करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है मसूदपुर निवासी सुभाष पासवान (35) पुत्र सिया राम पासवान मंगलवार शाम करीब सात बजे अपने घर के कटे हुए बिजली के तार को जोड़ रहे थे। बताया जाता है कि उस समय बिजली कटी हुई थी, लेकिन काम के दौरान ही अचानक सप्लाई चालू हो गई। सुभाष संभल पाते, इससे पहले ही वह करंट की चपेट में आकर चिपक गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह उन्हें अलग किया और तत्काल पयागपुर सीएचसी पहुंचाया सुभाष की मौत की खबर सुनते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक की शादी करीब नौ साल पहले हुई थी। उसके तीन छोटे बेटे हैं, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। मृतक की पत्नी अपने मासूम बच्चों को देख बार-बार बेसुध हो रही है।

### गन्ना बुवाई के लक्ष्यों को समय से पूरा करें

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार।** आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड परिसर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई की प्रगति की समीक्षा हेतु अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) विश्वेश कनौजिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व अपर गन्ना आयुक्त द्वारा ग्राम करनईडीह, जरवल रोड क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित अगेती प्रजाति की गन्ना पौधशाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसानों को 16202 एवं 18231 प्रजाति की गन्ना पौध वितरित कर उनके खेतों में गन्ना रोपण भी कराया गया। इसके उपरांत चीनी मिल परिसर में देवीपाटन मण्डल के गन्ना विभाग एवं चीनी मिल के अधिकारियों के साथ बसंतकालीन गन्ना बुवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्तमान बुवाई की स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति तथा अस्वीकृत प्रजातियों के स्थान पर अगेती प्रजाति के गन्ने की बुवाई की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के अंत में अपर गन्ना आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस अवसर पर आरबी राम, उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा, जिला गन्ना अधिकारी बाराबंकी, चीनी मिल जरवल रोड के इकाई प्रमुख टीएस राणा एवं विभागाध्यक्ष (गन्ना) संजीव कुमार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल में पहले दिन बच्चों का रोली-चंदन व माल्यार्पण कर हुआ स्वागत

संवाददाता, जमुनहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** जिले में सोमवार से नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान जहां विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों को माला पहनाकर व उन्हें रोली चंदन लगाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं स्कूलों में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर बच्चों व उनके परिजनों को स्कूल में नाम लिखवाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी के तहत सोमवार को पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। इसकी शुरुआत ग्राम प्रधान हरिद्वार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामशरण व युवा समाजसेवी संतोष जायसवाल ने झंडी दिखाकर किया। इस दौरान नवीन प्रवेशित छात्रों को रोली चंदन लगाते हुए माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान से संबंधित जन जागरूकता रैली जमुनहा बाजार व बरगदहा ग्राम पंचायत के विभिन्न मार्गो से होकर के गुजरी। इस मौके पर ग्राम प्रधान हरिद्वार प्रसाद, प्रधानाचार्य अकबाल अहमद शाह, आलोक गुप्ता, पवन वर्मा, विनोद शर्मा, वीरेंद्र मौर्य, फिरोज अहमद, इरशाद अहमद, आशीष सिंह, राधा देवी, रफत जहां, शमशाद खान आदि मौजूद रहे।



छात्रों का माला पहनाकर स्वागत करती शिक्षिका। अमृत विचार

### विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव पर्व

**पयागपुर (बहराइच)।** नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत पर मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों ने विद्यालयों को गुब्बारे और झंडियों से सजाकर नव प्रवेशी बच्चों को चन्दन टीका करने के साथ माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर में प्रधान शिक्षिका पूर्णिमा मिश्रा सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर तथा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिकोलिया में प्रधान शिक्षिका रागिनी मिश्रा, पयागपुर में प्रधान शिक्षिका नीलम उपाधयाय, परसिया आलम में नवल पाठक,, डायट परिसर में विभा सरकार, पैतौरा में संगीता यादव, भूपगंज में प्रमिला गुप्ता, नूरपुर में नमिता ने नव प्रवेशी बच्चों का भव्य स्वागत कर उत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ हलुवा व खीर खिलाया गया।



बच्चों का स्वागत करते शिक्षक।

आयोजन

विधायक, डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

# संचारी रोग नियंत्रण विशेष अभियान का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण के लिए बुधवार को विशेष अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान डीएम, सीडीओ, श्रावस्ती विधायक व सीएमओ ने कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मौजूद लोगों को संचारी रोग से बचाओ की शपथ भी दिलाया।

विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की विभिन्न योजना से लोग लाभान्वित हो रहे है। स्वच्छता अपना कर तमाम बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है, इसलिए सभी अपना सहयोग प्रदान कर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायें। जिससे लोग स्वयं के साथ अपने परिवार को भी स्वस्थ रख सके। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान 01 से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सजग व जागरूक करते हुए विशेष विशेष सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जायेगा। सीडीओ शाहिद अहमद ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। साथ ही डेंगू, फाइलेरिया, दिमागी बुखार, क्षयरोग के लक्षण एवं रोगियों को खोजकर जांच एवं उपचार के लिए सूची बनायेंगी, ताकि उनका ईलाज कराकर उन्हें स्वस्थ्य बनाया जा सके। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने अपील करते हुए कहा कि दिमागी बुखार से घबरायें नहीं, इसका शीघ्र इलाज करायें। बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल में ले जायें। इस दौरान एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, ईओ डॉ अनीता शुक्ला, डा वीके श्रीवास्तव व उदय नाथ, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, आशुतोष पाण्डेय, विनय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



स्वच्छता अपनाने की शपथ लेते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** संचारी रोगों की रोकथाम और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ अभाष अंकुर, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ निर्मेश, डीसीपीएम मो. राशिद, पीएफआई, डबल्यूएचओ व पाथ प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगों, जलजनित बीमारियों और दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) से बचाव के उपाय बताए गए। सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि जनसहभागिता और विभागीय समन्वय से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। अभियान में नगर विकास, पंचायतीराज, बाल विकास, आयुष, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, सूचना समेत विभिन्न 14 विभागों के समन्वय से संचालित अभियान के दौरान आमजन को सन्देश दिया जायेगा कि घर के आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। विशेष रूप से कूलर और फ्रिज के पीछे जमा पानी को हर सप्ताह साफ करें।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते सीएमओ व मौजूद अन्य।

### सिलेंडर लीक होने से लगी आग, तीन लोग झुलसे

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालापुर के मजरा अमरहवा में बुधवार रसोई गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से गांव निवासी सकील (30) पुत्र सुल्तान, बड़कऊ (08) पुत्र सकील, गुल्फसा (11) पुत्री सकील झुलस गई। घटना खाना बनाते समय घटी। वही आग की छपाई में आने से घर में रखा कपड़ा, बर्तन, अनाज सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग को काबू किया। सभी घायलों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने निजी वहन से जिला अस्पताल बहराइच पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

धारा 116/209ज रा.सं. 2006
ता0 पेशी– 03.04.2026
वाद सं0 : T202608620301527
एच0सी0जे0फार्म नं0– 32 पार्ट नं0 7
H.C.J. PART VII No. 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान जमुनहा जिला श्रावस्ती
कमला बनाम क्रान्ति आदि
बनाम– 1. क्रान्ति पत्नी कन्हैया लाल सा0 लालापुरवा दा0 ददौरा, पर0 नानपारा तह0 जमुनहा, जनपद श्रावस्ती, 2– नायब पुत्र राम जस सा0 लालापुरवा दा0 ददौरा, पर0 नानपारा तह0 जमुनहा, जनपद श्रावस्ती, 3– पुत्ती पुत्र राम जस सा0 लालापुरवा दा0 ददौरा, पर0 नानपारा तह0 जमुनहा, जनपद श्रावस्ती, 4– राजवन्ती पत्नी रक्षाराम सा0 लालापुरवा दा0 ददौरा, पर0 नानपारा तह0 जमुनहा, जनपद श्रावस्ती। चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ... अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आशर्वेदन के खिलाफ संर्दिशत करने के लिए ... .. से दिवस ...... बजे ..... पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसर्जित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज .. .माह ... के दिवस .... को निकाली गयी।
आज्ञा से न्यायालय

# वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और इटर्नल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर, एशिया के अन्य बाजारों में भी रही तेजी
- लाभ में रहे-अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एसबीआई, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन और इटर्नल
- नुकसान में रहे-एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। महावीर जयंती पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## चांदी 9,000 रुपये मजबूत, सोना 3,500 चढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

# मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 22.27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया
- पिछले साल करीब 375 वस्तुओं पर घटी थीं जीएसटी की दरें, किए थे 5 और 18% के दो स्लैब

आयात के साथ-साथ घरेलू बिक्री एवं खरीद से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के दम पर मार्च में जीएसटी कलेक्शन करीब नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले कर कटौती से पहले के स्तर दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2025-26 में तीसरा सबसे अधिक मासिक संग्रह है।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू सकल राजस्व में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वहीं आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 53,861 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मार्च, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-मार्च) में मार्च, 2026 में तीसरा सबसे अधिक संग्रह दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल, 2025 में 2.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे अधिक जीएसटी राजस्व दर्ज किया गया। वहीं मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

बता दें कि जीएसटी की दरें करीब 375 वस्तुओं पर कम कर दी गई हैं जिससे सितंबर, 2025 से सामान सस्ता हुआ है। साथ ही, पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को पांच और 18 प्रतिशत की दो कर श्रेणी में तब्दील किया गया है। इसमें चुनिंदा अति विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत का कर निर्धारित किया गया है। परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम. एस. मणि ने कहा कि हालांकि ये संग्रह दर्शाते हैं कि उपभोग की भावना मजबूत बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में जहां संग्रह में मजबूत वृद्धि जारी है। वहीं हरियाणा, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में धीमी वृद्धि देखी जा रही है।

